रोहतक
बुधवार, 23 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 173
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.6
न्यून. 24.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सावन शिवरात्रि की मंगलकामनाएं



## खबर संक्षेप

**आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स को राहत, रद्द होंगे केस**

**चंडीगढ़।** सरकार ने आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को बड़ी राहत देते हुए आंदोलन के दौरान बने मुकदमों को रद्द करने का फैसला लिया है। प्रवक्ता ने कहा, वर्ष 2021-22 में आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने आंदोलन किया था। तब गुरुग्राम, दादरी व करनाल में पुलिस केस बने थे। अब सरकार ने सहानुभूतिपूर्वक विचार कर ऐसे सभी मुकदमों को रद्द करने का निर्णय लिया है। ब्यूरो

**ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाले को दिल्ली सरकार देगी 7 करोड़**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सीएम खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक फैसला लिया है। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने बताया कि ओलंपिक गेम्स में गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ी को 7 करोड़, सिल्वर जीतने वालों को 5 करोड़ और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालों को 3 करोड़ दिए जाएंगे। गोल्ड व सिल्वर विजेताओं को ग्रुप ए की नौकरी और ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को ग्रुप बी की नौकरी दिल्ली सरकार की ओर से दी जाएगी। पेज 5 भी देखें

**सोना फिर एक लाख के पार चांदी 3,000 रुपये उछली**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को फिर से लांघ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत चार सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई, चांदी की कीमतें भी 3,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलो हो गई। भाषा

**मंत्रिमंडल ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को मंजूरी दी**

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। इस समझौते पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता कहा जाता है। इस पर पीएम नरेन्द्र मोदी की लंदन यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए जाएंगे। भाषा

# धनखड़ के इस्तीफे पर मचा सियासी संग्राम
# विपक्ष ने कहा-वजह स्वास्थ्य नहीं, कुछ और

## कांग्रेस ने कहा-पीएम की पोस्ट से रहस्य गहराया सरकार स्पष्ट करे, इस्तीफा क्यों हुआ, राज अधिक गहरे

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर मंगलवार को सियासी संग्राम मच गया। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरते हुए पूछा कि धनखड़ को पद क्यों छोड़ना पड़ा तथा ऐसे में सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। पीएम नरेंद्र मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए। वहीं दूसरी और धनखड़ का इस्तीफा मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूर कर लिया। राज्यसभा में पीठासीन घनश्याम तिवाड़ी ने यह जानकारी दी। दूसरी तरफ, राज्यसभा के उपसभापति और जदयू सांसद हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इसके बाद हरिवंश ने सुबह 11 बजे जगदीप धनखड़ की जगह, राज्यसभा की कार्यवाही शुरू की थी। धनखड़ मंगलवार को सदन की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए। इससे पहले खबर आई थी कि धनखड़ विदाई समारोह में भी शामिल नहीं होंगे।



संसद नहीं पहुंचे धनखड़ विदाई समारोह में भी शामिल नहीं होंगे

■

राज्यसभा में धनखड़ के इस्तीफे की घोषणा हुई

■

उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति मुर्मू से भेंट की

## पीएम मोदी बोले-धनखड़ को कई भूमिकाओं में देश सेवा का अवसर मिला, मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं

### क्यों छोड़ना पड़ा पद, सरकार बताए

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, उपराष्ट्रपति पद से धनखड़ के इस्तीफे के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए पोस्ट से इस बारे में रहस्य और गहरा गया कि धनखड़ को पद क्यों छोड़ना पड़ा। ऐसे में सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। धनखड़ के इस्तीफे के पीछे बताए गए स्वास्थ्य कारणों के अलावा कोई और अधिक गहरे कारण हैं। किसान पुत्र को सम्मानजनक विदाई से भी वंचित किया जा रहा है।



*धनखड़ सरकारी बंगले में 15 महीने रहने के बाद उप राष्ट्रपति एन्क्लेव छोड़ देंगे। एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें लुटियंस दिल्ली या किसी अन्य इलाके में टाइप 8 का बंगला देने की पेशकश की जाएगी। टाइप 8 का बंगला आमतौर पर वरिष्ठ केंद्रीय को आवंटित किया जाता है।*

### पीएम की पोस्ट

पीएम नरेन्द्र मोदी ने उप राष्ट्रपति पद से धनखड़ के इस्तीफे के बाद कहा कि उन्हें कई भूमिकाओं में देश की सेवा का मौका मिला है और वह उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने त्यागपत्र में धनखड़ ने कहा कि वह 'स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने' के लिए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं।





### उपराष्ट्रपति पद की दौड़ में हरिवंश

धनखड़ के इस्तीफे के बाद अचानक जदयू नेता एवं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की राष्ट्रपति से मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है। उपराष्ट्रपति की दौड़ में उनका नाम शामिल हो गया। वे बिहार के सीएम नीतीश कुमार के करीबी माने जाते हैं।

### कुछ बहुत गंभीर घटना हुई : कांग्रेस

कांग्रेस नेता रमेश ने लिखा, 'कल धनखड़ ने अपराह्न साढ़े 12 बजे राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की अध्यक्षता की। इसमें सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू सहित अधिकतर सदस्य उपस्थित थे। कुछ चर्चा के बाद, कार्य मंत्रणा समिति ने शाम साढ़े चार बजे पुनः बैठक करने का निर्णय लिया।' 'शाम साढ़े चार बजे कार्य मंत्रणा समिति धनखड़ की अध्यक्षता में पुनः एकत्रित हुई। बैठक में नड्डा और रीजीजू नहीं आए।' धनखड़ को व्यक्तिगत रूप से यह सूचित नहीं किया था कि दोनों वरिष्ठ मंत्री बैठक में शामिल नहीं हो रहे और धनखड़ को इसका बुरा लगा तथा फिर उन्होंने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक मंगलवार दोपहर एक बजे के लिए पुनर्निर्धारित की। सोमवार अपराह्न एक बजे से शाम साढ़े चार बजे के बीच कुछ बहुत गंभीर घटना हुई, जिसके कारण नड्डा और रीजीजू दूसरी कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में अनुपस्थित रहे। इसके बाद 'बेहद चौंकाने वाला कदम उठाते हुए धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया।

## गुरुग्राम की बीडीएस छात्रा ज्योति शर्मा सुसाइड केस

# शारदा विश्वविद्यालय के डीन समेत चार प्रोफेसर निलंबित

**प्राथमिकी में सभी आरोपित के तौर पर नामजद**

भाषा ▸▸ ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा में शारदा विश्वविद्यालय में गुरुग्राम की बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति शर्मा की आत्महत्या के मामले में डीन समेत चार और प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क निदेशक डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि डीन डॉ. एम सिद्धार्थ, प्रोफेसर डॉ. अनुराग अवस्थी, सहायक प्रोफेसर डॉ. सुरभी और प्रोफेसर डॉ. आशीष चौधरी को निलंबित कर दिया है। इस मामले के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में ये सभी आरोपित के तौर पर नामजद हैं। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित शारदा विश्वविद्यालय में गुरुग्राम निवासी ज्योति शर्मा ने 18 जुलाई को छात्रावास के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिसके बाद डीन समेत 7 लोगों के खिलाफ छात्रा को प्रताड़ित करने के आरोप में मामला दर्ज दो प्रोफेसर शैरी वशिष्ठ और महेंद्र सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया था।



प्रोफेसर शैरी और महेंद्र सिंह हो चुके गिरफ्तार

**छात्रा ने 18 जुलाई को हॉस्टल में फंदा लगाकर दी थी जान**

### बीडीएस विभाग सील

पुलिस ने बीडीएस विभाग को सील कर दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही खोलने की अनुमति दी जाएगी। आत्महत्या के बाद उपजे विवाद की वजह से विवि में होने वाली सोमवार व मंगलवार की परीक्षा को स्थगित कर दिया। प्रबंधन ने 23 जुलाई से कक्षाएं के फिर से शुरू करने और परीक्षाएं आयोजित किए जाने की बात कही है। इस बीच, छात्रा की आत्महत्या के मामले में अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ता और छात्र संगठनों ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें आरोपी प्रोफेसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

### जांच समिति आज सौंप सकती है रिपोर्ट

विश्वविद्यालय ने जांच समिति गठित कर 5 दिन में पुलिस अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपने की बात कही थी, जिसका समय बुधवार को पूरा हो रहा है। जनसंपर्क निदेशक ने बताया कि सोमवार को जांच समिति के सामने संबंधित प्रोफेसर, वार्डन, सुरक्षाकर्मी और विद्यार्थियों ने बयान दर्ज कराए। पुलिस ने भी हॉस्टल के वार्डन समेत बाकी प्रोफेसर से सोमवार को पूछताछ की है।

**अमेरिका से हिंडन एयरबेस पर लाए गए हेलीकॉप्टर**

# भारत को अपाचे की पहली खेप मिली, तीन हेलीकॉप्टर पहुंचे

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारतीय सेना को अमेरिका से 3 अपाचे एएच-64ई हेलीकॉप्टर्स की पहली खेप मिल गई। सेना ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। इन्हें अमेरिका से एंटोनोव ट्रांसपोर्ट विमान में गाजियाबाद जिले के हिंडन एयर बेस लाया गया। सेना के मुताबिक, सौदे के तहत 6 अपाचे गार्डियन हेलीकॉप्टर मिलने हैं। तीन आ चुके हैं। इन्हें रेत जैसे रंग से रंगा गया है, इससे रेगिस्तानी इलाकों में छिपने में मदद मिलती है। इन हेलीकॉप्टर्स से सेना के हमला करने और ऑपरेशनल क्षमता में काफी इजाफा होगा। अपाचे हेलीकॉप्टर को पाक के साथ लगी पश्चिमी सीमा के पास जोधपुर में तैनात किया जाएगा। भारतीय थल सेना को पहली बार अपाचे हेलीकॉप्टर मिले हैं। ये दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से हैं। भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलीकॉप्टर हैं। अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर की दो स्क्वाड्रन पाकिस्तान और चीन सीमा पर मोर्चे पर तैनात हैं। अमेरिका ने 2020 में वायुसेना को 22 अपाचे हेलीकॉप्टर डिलीवर किए थे।




जोधपुर में तैनात होंगे, रेतीला रंग छिपने में मददगार सेना के मुताबिक भारत को 6 अपाचे गार्डियन मिलेंगे

## बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,186.81 | 13.53 ▼ |
| निफ्टी | 25,060.90 | 29.80 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,00,020/- | 1000/- ▲ |
| चांदी | 1,14,000/- | 3000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 86.36 | 5 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 68.54 बैरल | | 0.97% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## अंदर के पन्नों पर

▸▸ यमुनानगर में करंट की चपेट में आने से दो कांवड़ियों की मौत पेज-4
▸▸ यूनिवर्सिटी चांसलर निकला धनकुबेर पेज-5

### एआई विमान की ऑक्सिलरी पावर यूनिट में लगी आग

**नई दिल्ली (भाषा)।** हांगकांग से आए एअर इंडिया के विमान के मंगलवार दोपहर दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसकी सहायक ऊर्जा इकाई (ऑक्सिलरी पावर यूनिट) में आग लग गई। विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 22 जुलाई 2025 को हांगकांग से दिल्ली पहुंची उड़ान संख्या एआई 315 के उतरने और गेट पर पार्क होने के तुरंत बाद विमान के एपीयू में आग लग गई और यह घटना उस समय हुई, जब यात्री उतरने लगे थे और सिस्टम डिज़ाइन के अनुसार एपीयू स्वतः बंद हो गया। विमान को कुछ नुकसान पहुंचा है, जबकि यात्री और चालक दल के सदस्य सामान्य रूप से उतर गए और सुरक्षित हैं।

**हांगकांग से आई थी फ्लाइट यात्री सुरक्षित**

### अहमदाबाद हादसा : प्लेन क्रैश से पहले फ्यूल स्विच बंद किए गए थे

**नई दिल्ली (भाषा)।** एअर इंडिया ने बोइंग 787 और 737 प्लेन के फ्यूल कंट्रोल स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग सिस्टम की जांच पूरी कर ली है। एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि इसमें कोई समस्या नहीं थी। दरअसल, अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने अपनी प्राइमरी रिपोर्ट में दावा किया था कि प्लेन क्रैश से पहले फ्यूल स्विच बंद कर दिए गए थे। इसके बाद डीजीसीए ने 12 जुलाई को एयरलाइनों को अपने विमानों में फ्यूल स्विच सिस्टम की जांच करने का निर्देश दिया था। 21 जुलाई को रिपोर्ट मांगी थी। बोइंग 787, एअर इंडिया के बेड़े का हिस्सा है। बी-737 का संचालन इसकी कम लागत वाली सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस करती है।

**एआई को नहीं मिली फ्यूल लॉकिंग सिस्टम में कोई गड़बड़ी**

### स्पेस से बॉर्डर, स्टेट और देश नहीं दिखते : शुभांशु शुक्ला

**नई दिल्ली (भाषा)।** स्पेश से पृथ्वी पूरी एक दिखती है। स्पेस से कोई बॉर्डर, स्टेट या देश नहीं दिखते।' इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला का स्टेटमेंट एनसीईआटी कक्षा 5वीं की किताब में शामिल किया है। यह किताब विशु अधाना ने तैयार की है। ये कोट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत का हिस्सा है। इसे इन्वायर्नमेंटल स्टडीज की किताब के 'अवर शेयर्ड होम' चैप्टर में शामिल किया है। एनईपी 2020 के अनुसार टीडब्ल्यूएयू यानी 'द वर्ल्ड अराउंड अस' टेक्स्टबुक बच्चों की पढ़ाई में एक बदलाव का हिस्सा है। इसमें साइंस, सोशल साइंस और एनवायर्नमेंटल स्टडीज को एक साथ शामिल किया गया है।

**स्टेटमेंट एनसीईआरटी में शामिल होगा, पांचवीं कक्षा के बच्चे इसे पढ़ेंगे और जानेंगे**

**चिंता** ओडिशा में किशोरी को जिंदा जलाने के मामले में टिप्पणी

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-हम शर्मिंदा हैं लड़कियों को सुरक्षित वातावरण दें

***ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू महिलाओं और बच्चों को भी सुरक्षित रखना जरूरी, केंद्र व सभी पक्षों से मांगे सुझाव***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा में 15 साल की किशोरी को जिंदा जलाए जाने की घटना पर कहा कि 'हम शर्मिंदा हैं।' जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने किशोरी को जिंदा जलाए जाने की घटना को शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए खासकर ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें सुरक्षित आश्रय प्रदान करने पर जोर दिया। कोर्ट ने कहा कि घरेलू महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। कोर्ट ने केंद्र सरकार और सभी पक्षों से ठोस सुझाव मांगे हैं। कोर्ट ने महिला सुरक्षा पर गंभीर चिंता जताई। इससे पहले, 12 जुलाई को भी ओडिशा के ही बालासोर जिले के फकीर मोहन कॉलेज में छात्रा ने आत्मदाह कर लिया था। छात्रा में कॉलेज फैकल्टी के खिलाफ सेक्शुअल हैरेसमेंट की शिकायत दी थी।



### ये समाज के सबसे कमजोर लोग

पीठ ने कहा कि हमें सभी से सुझाव चाहिए कि स्कूली लड़कियों, महिलाओं और ग्रामीण इलाकों के बच्चों को सशक्त बनाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा सकते हैं? ये समाज के सबसे कमजोर और बेजुबान लोग हैं। हमारे निर्देशों का कुछ असर और स्पष्ट छाप होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि तत्काल और भविष्य के लिए कुछ अल्पकालिक और दीर्घकालिक निर्देश जारी किए जाने चाहिए, ताकि तालुका स्तर पर रहने वाली महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाया जा सके। खासकर महिलाओं को तालुका स्तर पर प्रशिक्षित और नियुक्त किया जा सकता है और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भी मदद ली जा सकती है।

### महिला सुरक्षा पर यह कहा

याचिकाकर्ता 'सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ' की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महालक्ष्मी पावनी ने कहा कि कुछ दिन पहले ओडिशा में नाबालिग को जला दिया गया था और महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थीं। यह कब तक चलेगा? इस अदालत को महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुछ निर्देश देने की जरूरत है।

सबसे पहले लाइफ इंश्योरेंस

एलआईसी का जीवन उत्सव

उत्सव मनाने का गारंटीड तरीका

Plan No.: 771 UIN: 512N363V02



आजीवन गारंटीड रिटर्न के साथ

ऑनलाइन भी उपलब्ध

पूर्ण आयु जीवन बीमा एवं लाभ भुगतान के विकल्प

- सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष
- प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत वृद्धि
- नियमित आय लाभ / फ्लेक्सी आय लाभ
- न्यूनतम मूल बीमा राशि 5 लाख

एक नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, व्यक्तिगत, बचत, पूर्ण आयु जीवन बीमा योजना

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC/P1/2024-25/15/Hin

## खबर संक्षेप



### लैंड रिकॉर्ड के आंकड़ों का डेटा सेंटर हो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने हरियाणा में भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन की स्थिति और इसके डिजिटलीकरण की प्रगति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हरियाणा रेवेन्यू कमीशन ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें भूमि रिकॉर्ड प्रणाली को नागरिक-उन्मुख और व्यापार सुगमता के अनुरूप बनाने पर बल दिया गया। बैठक में डिजिटलीकरण करने, डेटा इंटिग्रेशन सेंटर की स्थापना, और रेवेन्यू विभाग के कर्मचारियों के प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई, जिससे हरियाणा में भूमि प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी, कुशल और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में चल रहे क्रियाकलापों को मजबूती मिलेगी।



### हरियाणा में लिंगानुपात सुधरकर हुआ 917

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के निर्देश पर हरियाणा में लिंगानुपात की स्थिति पर समीक्षा करने के लिए गठित राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की हर सप्ताह बैठक की जाती है। इस कड़ी में आज यहां महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस) मनीष बंसल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि सरकारी प्रयास काफी कारगर सिद्ध हो रहे हैं और पिछले सप्ताह (14 से 21 जुलाई, 2025) में हरियाणा का लिंगानुपात सुधरकर 917 हो गया, जो पिछले वर्ष इसी सप्ताह 860 था। यदि 1 जनवरी से 21 जुलाई तक की गणना की जाए तो राज्य का लिंगानुपात इस वर्ष 904 पर 2 अंक की वृद्धि के साथ दर्ज किया गया।

## सीईटी : मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तैयारी को लेकर बैठक की, दिए निर्देश

# इस बार सख्त कदम, ट्रेजरी से वीडियो कैमरे की नजर में परीक्षा केंद्र तक पहुंचेगा प्रश्नपत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा को देखते हुए सभी संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की जानकारी समय रहते गृह विभाग को भेजें ताकि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा निलंबित करने की प्रक्रिया पूरी की जा सके और परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न करवाया जा सके। मुख्यमंत्री आज यहां सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सभी जिलों में प्रश्न पत्र भंडारण स्थल से परीक्षा केंद्र तक उसकी पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाए, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा बनी रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई भी असामाजिक तत्व सक्रिय न रहे। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जाए ताकि यदि कोई व्यक्ति परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की अफवाह फैलाने का प्रयास करें तो उसे समय रहते रोका जा सके और भ्रामक सूचनाएं प्रसारित न हों। उन्होंने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा पहली बार इतने बड़े स्तर पर सीईटी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में सभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूर्ण करें ताकि परीक्षार्थियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।




### 13 लाख 48 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

बैठक मे बताया कि इस बार सीईटी परीक्षा में लगभग 13 लाख 48 हजार अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। प्रदेशभर में कुल 834 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। सीईटी परीक्षा के दौरान जहां बसों की पर्याप्त उपलब्धता की जानी है, वहीं आगामी तीज पर्व को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग यह भी सुनिश्चित करे कि आमजन की आवाजाही के लिए भी पर्याप्त बसों की व्यवस्था रहे। मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वसीईटी परीक्षा के दोनों दिनों में अनावश्यक यात्रा से बचें।

### महिलाओं के अभिभावक निशुल्क सफर कर सकेंगे

सीएम ने कहा कि जिन जिलों से बसों को 100 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचना है, वहां जिला प्रशासन विशेष प्रबंध सुनिश्चित करे। साथ ही, डायल-112 सेवा को भी दो दिन के लिए इस व्यवस्था में जोड़ा जाए। ताकि सभी परीक्षार्थी निर्धारित समय से कम से कम आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंच सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि महिला परीक्षार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों को भी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

### सुरक्षा के लिए की जाए समुचित व्यवस्था

बैठक में गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए धारा 163 लागू कर सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित दायरें में विभिन्न गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। डॉ. मिश्रा ने यह भी कहा कि पुलिस विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा के दोनों दिन परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित कोचिंग सेंटर और फोटोस्टेट की दुकानों को बंद रखा जाए। महिला परीक्षार्थियों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था भी की जाए।

**रस्तोगी बोले**

### परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी

बैठक के दौरान मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बताया कि 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा के दोनों दिनों में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश न दिया जाए।

**डीजीपी**

### स्टाफ को मोबाइल ले जाने पर रोक

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि परीक्षा में पेपर लीक या प्रतिरूपण जैसी गड़बड़ी रोकने के लिए सभी पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करें कि प्राइवेट स्कूलों का स्टाफ परीक्षा दिवस पर स्कूल में प्रवेश न करे। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी या कर्मचारी को मोबाइल फोन या कोई अन्य डिजिटल डिवाइस अंदर ले जाने की अनुमति न दी जाए।

# फरीदाबाद में 14 अगस्त को मनाया जाएगा राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश के विभाजन में अपनी जान गवांने वाले जाने अनजाने लोगों की स्मृति में राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस इस वर्ष 14 अगस्त को फरीदाबाद में मनाया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा,जिसमें प्रदेशभर से समाज के सभी वर्गों के लोग भारी संख्या में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजन को लेकर आज यहां आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम से पूर्व, एक पखवाड़े तक प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन हरियाणा सरकार और पंचनद ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा, जिसमें विभाजन की विभीषिका में जान गंवाने वाले पूर्वजों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी।



### कमी नहीं तो किसानों को खाद क्यों नहीं मिल रही : दीपेन्द्र

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि एक तरफ सरकार दावा कर रही है कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं, दूसरी तरफ किसानों को खाद के लिए यातना झेलनी पड़ रही है। अगर प्रदेश में पर्याप्त खाद है तो फिर किसानों को मिल क्यों नहीं रही? उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का पूरा तंत्र खाद की कमी की आड़ में कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहा है। दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग करी कि सरकार तुरंत डीएपी और यूरिया खाद की पर्याप्त व्यवस्था करे और खाद की कालाबाजारी करने वालों पर अंकुश लगाए। उन्होंने आगे कहा कि खाद किल्लत के चलते खरीफ की बिजाई का संकट पैदा हो गया है। खरीफ सीजन की रोपाई जोरों पर, खाद न मिलने से किसान को फसल बचाने की चिंता सता रही है। किसानों, उनके परिवार की महिलाओं व बच्चों तक को कतारों में इंतजार करना पड़ता है।

# सड़क सुरक्षा के लिए मिलेंगे 150 करोड़ रुपये

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सड़क सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने और यातायात नियमों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए केन्द्र सरकार की 'पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना' (एसएएससीआई) 2025–26 के अंतर्गत हरियाणा को 150 करोड़ रुपये की सहायता राशि मिलने जा रही है। इस राशि का उपयोग राज्य में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठोस उपायों के लिए किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई, जिसमें इस योजना के अंतर्गत धनराशि प्राप्त करने और उसके सार्थक उपयोग के लिए राज्य की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। यह 150 करोड़ की सहायता राशि पांच प्रमुख उपलब्धियों से जुड़ी होगी। इनमें चिन्हित स्थानों पर इलेक्ट्रॉनिक एनफोर्समेंट डिवाइस की स्थापना, इन उपकरणों को ट्रैफिक कंट्रोल रूम से जोड़ना, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से ई-चालानों का सृजन, ई-चालानों का त्वरित निपटान तथा राज्य राजमार्गों और प्रमुख जिला सड़कों पर मृत्यु दर में स्पष्ट कमी लाना शामिल है। मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि वह एक विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को भेजे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात नियमों के अनुपालन, डिजिटल प्रवर्तन व्यवस्था तथा जन जागरूकता अभियान शामिल किया जाए।



**बैठक में कृषिमंत्री ने बताया**

# यूरिया और डीएपी की कमी नहीं, कालाबाजारी पर नजर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने राज्य में खाद की कमी को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा है कि खरीफ सीजन-2025 के दौरान यूरिया और डीएपी जैसे जरूरी उर्वरकों की कोई किल्लत नहीं है। कालाबाजारी पर नजर रखी जा रही है।

उन्होंने खाद की किल्लत से संबंधित खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए उसे भ्रामक बताया और स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के सहयोग से किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाई है। कृषि मंत्री ने कहा रिपोर्ट में जो आकड़े दिए गए वो रबी सीजन से संबंधित है, जबकि जो डी. ए. पी. का आवंटन है वो खरीफ सीजन के लिए है। उन्होंने बताया कि आंकड़ों के अनुसार, खरीफ सीजन 2025 के लिए हरियाणा को कुल 10.07 लाख मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता है।एक अप्रैल से 19 जुलाई तक की अनुमानित मांग 5.91 लाख मीट्रिक टन थी, जबकि इस अवधि में केंद्र सरकार ने 8.54 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप पुरोहित पुत्र** स्व. श्री रामजीलाल पुरोहित **निवासी** प्रो. डिवाइन सेल्स कॉर्पोरेशन A395A, पालम विहार, गुरूग्राम, हरियाणा दूसरा निवास शंकर रोड़, हनुमान मंदिर के नज़दीक, गाँव डून्डाहेरा, गुरूग्राम, हरियाणा ने **C.R. No. 12597/18 U/s 138 NI Act. थानाः दक्षिण रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संदीप पुरोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप पुरोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **C.R. No. 12597/18 U/s 138 NI Act. थानाः दक्षिण रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संदीप पुरोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी-03, (एन आई एक्ट)
कमरा नं. 107, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9603/RD/2025
(Court Matter)

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 170 दिनांक 18.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - नितेश
पिता/पति- पुत्र रामनिवास
पता - निवासी कृपाल नगर हाल बैंक कालोनी रोहतक
उम्र- 35 वर्ष
कद- 5 फुट 8 ईंच ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावाः-पीले रंग की टी शर्ट, नीले रंग की जींस की पैंट, पैरों में जूते पहने हुए ।

दिनांक 18.07.25 को नितेश पुत्र रामनिवास निवासी कृपाल नगर हाल बैंक कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 8221912252

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 211 दिनांक 18.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना कलानौर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - अशोक
पिता/पति- पुत्र दाशो
पता - निवासी गांव अकबरपुर रोहतक
उम्र- 20 वर्ष
कद - 5 फुट 2 ईंच ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, ।
पहनावाः- नीले रंग की टी शर्ट, पीले रंग की निक्कर पहने हुए ।

दिनांक 14.07.25 को अशोक पुत्र दाशो निवासी गांव अकबरपुर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे । सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9992129734

पीआरडीएच-1084/11/3668/2026/36876/88/6 दि. 22.07.2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज करनाल | गांव लालैन, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में डेरा गामा रोड से दल सिंह के मकान तक आईएलपीबी गली/फिरनी का निर्माण + 3 कार्य। | 21.07.2025 28.07.2025 | 150.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | जिला : करनाल, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद (ब्लॉक्स : करनाल, बापौली, समालखा, एलनाबाद, रानियां, टोहाना) हेतु अटल भू-जल योजना (अटल जल) के तहत हरियाणा की 222 अदद ग्राम पंचायत के लिए नैरो कास्टिंग की सेवाओं का प्रावधान + 6 अन्य कार्य। | 21.07.2025 11.08.2025 | 205.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896657369 xen.aby.hry@gmail.com |
| 3 | जिला परिषद अम्बाला | गांव तल्हेड़ी रांगड़ान ब्लॉक बराड़ा – उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (एचडब्ल्यूसी-एसएचसी)। | 17.07.2025 28.07.2025 | 53.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/60/36881/1/88/6 दि. 22.07.25

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, माछरौली जिला झज्जर**
दूरभाष नं० 01251-265999 (e-mail:bdpomachhrauli@gmail.com)

**प्रेस नोट**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रायपुर तहसील व जिला झज्जर में जलकर्मी (Tubewell Operator) का पद रिक्त है। गांव रायपुर का कोई भी व्यक्ति जो जलकर्मी के पद पर कार्य करने का इच्छुक हो, वह उम्मीदवार अपना आवेदन सादे कागज पर अपने सभी दस्तावेजों सहित दिनांक 08.08.2025 तक सम्बन्धित सरपंच ग्राम पंचायत रायपुर/खण्ड कार्यालय, माछरौली में जमा करवाएं ताकि प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

**हस्ता/-सरपंच, ग्राम पंचायत, रायपुर ग्राम पंचायत, झज्जर (हरियाणा)**
**हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, माछरौली जिला झज्जर।**

पीआरडीएच 1028/11/152/2026/36866/88/6 दि. 22.07.20225

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्रांत उर्फ विक्की** पुत्र ब्रह्मजीत निवासी ग्राम गांधरा, सांपला, रोहतक, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 43/2020 धारा 33/58/52.2 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना कंझावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विक्रांत उर्फ विक्की** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विक्रांत उर्फ विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 43/2020 धारा 33/58/52.2 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना कंझावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विक्रांत उर्फ विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.08.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री अपूर्व भारद्वाज,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (उत्तर–पश्चिम),
कमरा नं. 113, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9641/RD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष उर्फ बाबा** पुत्र प्रकाश निवासी गांव गुभाना (70), जिला झज्जर, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 025334/24 धारा 305 (बी), भारतीय न्याय संहिता, जाफरपुर कलां, द्वारका, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशीष उर्फ बाबा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आशीष उर्फ बाबा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 025334/24 धारा 305 (बी), भारतीय न्याय संहिता, जाफरपुर कलां, द्वारका, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आशीष उर्फ बाबा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.09.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री अभिनव अहलावत,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–09 (दक्षिण–पश्चिम)
कोर्ट नं. 314,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9609/DW/2025

**सार्वजनिक सूचना / निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग/बोर्ड/ निगम/प्राधि. का नाम | कार्य/सूचना/निविदा का नाम | निविदा का प्रकार (वर्क्स/गुड्स) | ई-निविदा आई.डी. | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | अनुमानित राशि (लगभग) रुपए में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल | निविदा संदर्भ सं. / निविदा सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग | सांपला जल सेवाएं मंडल, रोहतक में कुशल/ अकुशल व्यक्तियों का प्रावधान। | सर्विसेज | 2025_HRY_460282_1 | 28.07.2025 16.00 बजे 28.07.2025 15.00 बजे | 0 | http://etenders.hry.nic.in | राजीव कुमार अधिशासी अभियंता एम-9464040970 xensampla@gmail.com | 2025_HRY_460282_1 |

हस्ता/- अधिशासी अभियंता,
सांपला जल सेवाएं मंडल, रोहतक

पीआरडीएच-1069/11/107/2026/36854/88/6 दि. 22.07.25

**DISTRICT OFFICE HAFED NARNAUL**
**Hafed Complex, Nizampur Road, Narnaul-123001(Haryana)**
**01282-257233 email:dmhfdnrl@hry.nic.in**

**E-Tender**

Hafed invites online bids from reputed financially sound and experienced labour and transport contractor for labour/cartage and transportation work of fertilizer of Narnaul, Mahendergarh, Kanina and Ateli centre for the period w.e.f. 01.08.2025 to 31.03.2026, as per schedule given below :-

| S. No. | Particulars | For Fertilizer Tender |
|---|---|---|
| 1 | Online submission of EMD, Tender Fee & e-service fee | From 23.07.2025 (9.00 AM) to 05.08.2025 (5.00 PM) |
| 2. | Online submission of Bid | Up to 05.08.2025 (5.00 PM) |
| 3 | Date and time of opening of Technical Bids | On dated 06.08.2025 at 11.30 AM |
| 4 | Date and Time of opening of Financial bids of only valid tenderer | On dated 06.08.2025 at 2.30 PM or as decided by the committee. |

The tender documents containing terms and conditions are available at Haryana single e-procurement portal at https//etenders.hry.nic.in. All the bidders are required to get registered on e-tendering portal https//etenders.hry.nic.in for applying online e-tender. Technical & Financial bid will be opened by the committee in the office of District Manager, Hafed, Narnaul as per dates given above and negotiations will also be held as per terms and conditions of tender documents respectively. Tender committee reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.

**District Manager, Hafed, Narnaul.**

हरियाणा सरकार

LiFE Lifestyle for Environment



"मैंने प्रकृति मां की रक्षा करने और सतत जीवनशैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप एक पेड़ लगाया। मैं आप सभी से यह आग्रह करता हूं कि आप भी हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान दें।"

**- नरेन्द्र मोदी**

# 76वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव

23 जुलाई, 2025 । दोपहर - 1 बजे
राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय, मोरनी, पंचकूला

मुख्य अतिथि

## श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता

## राव नरबीर सिंह
मंत्री - पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव, हरियाणा

### संदेश

मैं 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के लिए सभी हरियाणावासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

इस वर्ष वन महोत्सव के अवसर पर हरियाणा में 2.10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत सजावटी, छायादार, ईमारती लकड़ी,चारे एवं सुगंधित प्रजाति के पौधे तैयार किए गए हैं, जिन्हें सार्वजनिक स्थानों पर लगाकर पर्यावरण सुधार की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य के किसानों के खेतों में भी उन्नत किस्म के पौधे लगवाए जाएंगे, जिससे पर्यावरण सुधार के साथ-साथ किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।

मेरा हरियाणावासियों से अनुरोध है कि इस वर्षा ऋतु में अपने घर आंगन, खेत-खलिहान व जहां भी संभव हो, अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**- नायब सिंह सैनी**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें



## आप सभी सादर आमंत्रित हैं

वन एवं वन्यजीव विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## खबर संक्षेप

### नाबालिग के यौन शोषण के दोषी को 25 साल की कैद

**सिरसा।** जिले की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने मंगलवार को नाबालिग बच्चे के यौन शोषण मामले में आरोपी रमन गिरी को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है और वर्तमान में सिरसा की डिंग मंडी में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ 2 अप्रैल 2020 को डिंग थाना में यौन शोषण का अभियोग दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा की गई गहन और निष्पक्ष जांच के दौरान डिजिटल व तकनीकी साक्ष्य जैसे मोबाइल डाटा, सीडीआर, मेडिकल रिपोर्ट और पीड़ित के 164 सीआरपीसी के तहत दर्ज बयान सहित अनेक प्रमाण एकत्रित किए गए। अनुसंधान अधिकारी द्वारा पेश किए गए पुख्ता साक्ष्य और अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत गवाहों कीगवाही ने अदालत के समक्ष एक ठोस केस प्रस्तुत किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. नरेश कुमार सिंघल द्वारा सुनाए गए निर्णय में दोषी रमन गिरी को पोक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत 20 वर्ष का कठोर कारावास और पचास हजार रुपये का जुर्माना, आईपीएस की धारा 506 के तहत 2 वर्ष का कठोर कारावास व अन्य सजा सुनाई।

# यमुनानगर में हाईटेंशन तार से टकराई कांवड़ियों से भरी बोलेरो, करंट लगने से दो की मौत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर/रादौर

यमुनानगर जिला के गांव गुमथला राव से मंगलवार सुबह डाक कांवड़ लेने के लिए बोलेरो मैक्स गाड़ी में सवार होकर हरिद्वार के लिए निकले दो कांवड़ियों की हाईटेंशन बिजली की तारों का करंट लगने से मौत हो गई। वहीं, गाड़ी में सवार तीन कांवड़ियों नीचे कूदते समय गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें जिला के नागरिक अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में जांच शुरु कर दी। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे के करीब गांव गुमथला राव निवासी कुलदीप सिंह, हरीश, रिंकू, सुमित, योगेश व कुणाल समेत 15 श्रद्धालु बोलेरो मैक्स गाड़ी में सवार होकर हरिद्वार से डाक कांवड़ लाने के लिए घर से निकले थे।

इस दौरान सबसे पहले उन्होंने अपने गांव के गंगा मंदिर में माथा टेककर पूजा अर्चना की। इसके बाद कुछ कांवड़िए बमें सवार हो गए और कुछ मोटरसाइकिलों पर सवार होकर हरिद्वार के लिए निकल पड़े। इस दौरान गांव की फिरनी की सड़क के ऊपर से गुजर रही बिजली की 11 हजार वोल्टेज की हाईटेंशन तार गाड़ी से टक्करा गई। जिससे पूरी गाड़ी में बिजली का करंट फैल गया। इस दौरान शार्ट सर्किट भी हो गई और गाड़ी के ऊपर लगी तिरपाल में आग लग गई और वाहन के टायरों में ब्लास्ट हो गया। कांवड़ियों ने गाड़ी के दोनों तरफ कूदकर जान बचानी शुरू की। मगर इस दौरान करंट लगने से दो कांवड़ियों हरीश (41) व कुलदीप (42) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथी कुणाल, सुमित, योगेश व रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, कुछ अन्य कांवड़ियों को भी मामूली चोटें आई। घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल में भरती करवाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



**यमुनानगर।** हाईटेंशन बिजली की तार के नीचे खड़ी गाड़ी।



**यमुनानगर।** जांच करते पुलिस अधिकारी।

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे

जठलाना थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों मृतक कांवड़ियों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले में जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हादसा करंट लगने से पाया गया है। मगर इसके बावजूद मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## किशोरी ने बैडमिंटन कोच पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

■ पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल की छात्रा ने स्कूल के बैडमिंटन कोच पर छेड़छाड़ करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित कोच के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित पहचान तरूण के रूप में हुई है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी शहर स्थित संस्था के स्कूल में बैडमिंटन सीखने जाती है। आरोप है कि उसका कोच उसे नेशनल लेवल पर खिलाने की बात करता था। छात्रा ने बताया कि कोचिंग के दौरान ही कोच ने अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। उसकी बेटी गुमसुम रहने लगी। उसके बाद उसने मामले को लेकर अवगत करवाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### निवेश का झांसा देकर युवक से ठगे चार लाख

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाजों ने ट्रेडिंग में इंवेस्टमेंट कराने के नाम पर एक युवक से चार लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिलासपुर के बिनौला निवासी मनोज कुमार ने कहा कि फरवरी 2024 में उसने टेलिग्राम ग्रुप ज्वाइन किया था। इस ग्रुप में ट्रेडिंग में इंवेस्टमेंट करने पर अच्छा प्रोफिट दिए जाने का प्रलोभन दिया गया था। ग्रुप एडमिन व अन्य लोगों की बातों में आकर मनोज कुमार ने भी इंवेस्टमेंट शुरु किया। लेकिन जब भी उसने अपने रुपए निकालने की बात कही तो उससे और रुपए इंवेस्ट करने को कहा गया। इस तरह मनोज ने दस बार में कुल चार लाख रुपए जमा करा दिए। लेकिन उसके द्वारा जमा किए गए रुपए नहीं निकाले गए। जिसके बाद उसे समझ में आ गया कि उसके साथ ठगी हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।


मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## अजय चौटाला ने किया सनसनीखेज खुलासा, भाजपा ने दुष्यंत को नहीं, नैना चौटाला को बनाया था डिप्टी सीएम

■ बोले- पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के कहने के बाद मिला दुष्यंत को मौका

**चंडीगढ़।** 2019 में भाजपा की गठबंधन सरकार में दुष्यंत चौटाला को नहीं बल्कि नैना चौटाला को डिप्टी सीएम बनाया जा रहा था लेकिन ओमप्रकाश चौटाला के कहने पर नैना की जगह उनके बेटे दुष्यंत चौटाला को डिप्टी सीएम बनाया गया था। यह खुलासा जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने चंडीगढ़ में एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू देते हुए किया। अजय चौटाला ने इस इंटरव्यू में चौटाला परिवार में चल रहे मतभेदों पर भी खुलकर बात की। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि पिता ओपी चौटाला के निधन के साथ ही इनेलो में जाने का चैप्टर क्लोज हो गया है। परिवार का एक होना तभी तक संभव था, अब ये संभव नहीं है। ओपी चौटाला की फोटो को लेकर जजपा और इनेलो में पिछले दिनों हुए विवाद के बारे में अजय चौटाला ने कहा कि हमने अपनी पार्टी के पोस्टर पर ओपी चौटाला की फोटो लगाई थी। इसके बाद अभय चौटाला ने कहा था कि अगर चौटाला साहब की फोटो लगाओगे तो मेरे पांव में जूता है। अजय चौटाला ने पूछा कि कहां है वह जूता।

### रस्म पगड़ी में भी नहीं बुलाया



अजय ने दावा किया कि उनके भाई अभय ने उन्हें ओपी चौटाला की रस्म पगड़ी में भी नहीं बुलाया। मुझे नहीं तो चौ. रणजीत सिंह को बुला लेते। पुराने पारिवारिक विवाद के बारे में अजय चौटाला ने कहा कि जिस वक्त मुझे इनेलो से निकाला गया उस समय मैं जेल में था। मैंने ओपी चौटाला से पूछा कि मुझे क्यों निष्कासित किया गया। इस पर चौटाला साहब ने मुझसे कहा कि यह किसने किया, मैंने तो नहीं किया। अपने बेटे की तारीफ करते हुए अजय ने कहा कि दुष्यंत ने नई पार्टी बना 10 सीटें जीतीं। इनेलो तो एक सीट पर ही सीमित हो गई। अजय चौटाला ने कहा कि पार्टी को अलग करने वाले अनेक लोग हैं। अशोक अरोड़ा और रामपाल माजरा पार्टी को तोड़ने वालों में शामिल थे। अजय चौटाला ने कहा कि हमारे वर्करों को तंग और प्रताड़ित किया जा रहा था। इस वजह से हमें अलग पार्टी बनानी पड़ी। अपने भाई अभय चौटाला को लेकर अजय ने कहा कि हमारी अच्छी दोस्ती रही है। आज भी उसके साथ की फोटो घर में जगह-जगह लगी है। मेरे खून में न गद्दारी है तो न मैंने गद्दारी की, लेकिन अभय ने मेरे जेल में रहते हुए जरूर जयचंद की भूमिका निभाई। वो सबको पता है। मेरी तरफ से भाई के लिए हमेशा प्यार रहेगा।

## बाइक सवार भाइयों को पिकअप चालक ने कुचला, केस दर्ज

**यमुनानगर।** पंचकूला-कलानौर नेशनल हाईवे पर गांव खंडवा के नजदीक पिकअप गाड़ी की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाईयों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक राजस्थान के जिला धौलपुर के गांव चिलागौर निवासी राजू ने पुलिस को बताया कि उसके भाई देवेंद्र (32) व अजयपाल(35) मकानों में टाइलें लगाने का काम करते थे। वह कुछ समय से कैथल में किसी मकान में टाइलें लगा रहे थे। गत सोमवार देर शाम वह मोटरसाइकिल पर कैथल से सहारनपुर में टाइलें लगाने के लिए कार्य देखने जा रहे थे। इस बीच जैसे ही वह गांव खंडवा के नजदीक नेशनल हाईवे पर पहुंचे तो सामने से आ रही पिकअप गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### कनाडा भेजने के नाम पर 53 लाख ठगने का आरोपी गिरफ्तार, केस

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी मुहिम दौरान कनाडा भेजने के नाम पर 53 लाख रुपए ठगी मामले की जांच इकनॉमिक सैल के एएसआई रणधीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बुबकपुर निवासी हरकीरत को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खरकां निवासी भजन सिंह की शिकायत अनुसार वह अपने भाई सतवंत सिंह को विदेश भेजना चाहता था। इस दौरान वह आरोपी के संपर्क में आया था। उसने पेसे लेकर कनाडा भेजने का भरोसा दिया था।


**कार्यालय : जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, चरखी दादरी, (हरियाणा)**

**विज्ञापन**

समग्र शिक्षा जिला चरखी दादरी में कुल 02 विशिष्ट प्रशिक्षण केन्द्रों पर स्पेशल ट्रैनिंग फॉर आउट ऑफ़ स्कूल चिल्ड्रन कार्यक्रम के अंतर्गत 7 से 14 वर्ष तक के बच्चों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शैक्षिक स्वयंसेवकों को अनुबंध करने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**मासिक मानदेय : 10000/-** **समय अवधि : 6 माह**

**शैक्षणिक योग्यता : 10+2,D.Ed. या B.Ed. (Minimum 50% marks)**

HTET/CTET और उच्च शैक्षणिक योग्यता प्राप्त व शैक्षिक स्वयंसेवकों के अनुभवी अभ्यार्थियों को नियमानुसार वरीयता दी जाएगी | मैट्रिक स्तर तक हिंदी/संस्कृत अनिवार्य है। आवेदक अपने सभी स्वयं सत्यापित दस्तावेज दिनांक 24/07/2025 से 30/07/2025 तक सुबह 9 से 5 बजे तक किसी भी कार्यदिवस को नीचे दिए गए पते पर व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। रजिस्ट्रेशन हेतु प्रोफार्मा की हार्ड कॉपी सम्बंधित कार्यालय जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षाचरखी दादरी से प्राप्त की जा सकती है।

**हस्ता/-जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, नजदीक झाड़ू सिंह चौक, SDGMSSSS चरखी दादरी**



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | डीएलएफ कॉलोनी वार्ड नं. 16, एम.सी. रोहतक में एसबीआई मेन ब्रांच वाया डीएलएफ सर्कल से 60' रोड तक रोड का सौन्दर्यकरण और ग्रास पेवर का पी/फिक्सिंग। | 21.07.2025 28.07.2025 | 41.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में ठोस कचरा संयंत्र के रखरखाव हेतु मशीनरी को किराये पर लेना। | 21.07.2025 28.07.2025 | 20.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/36849/I/88/6 दि. 22.07.25



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | लाइसेंस आधार पर अभिलाषा महिला छात्रावास परिसर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, जहां एक शैक्षणिक सत्र के दौरान लगभग 2500 महिला विद्यार्थी निवास करती हैं, में जनरल स्टोर-कम-फोटोस्टेट शॉप को चलाना। | 21.07.2025 11.08.2025 | 8 लाख + जीएसटी | https://mdu.ac.in https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9812611388 estate.office@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/36879/I/88/6 दि. 22.07.25



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | वार्ड 16, एम.सी. टोहाना में सैन धर्मशाला का निर्माण + 12 कार्य। | 18.07.2025 28.07.2025 | 1,35,79,651/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 mctohana1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/36874/I/88/6 दि. 22.07.25



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | 3 वर्ष के लिए निःशुल्क त्रुटि को ढूंढना और त्रुटि को दूर करना, साइट एलईडी स्ट्रीट लाइट की 3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित ऑन/ऑफ प्रचालन और रखरखाव, स्थल पर बदलने समेत रोहतक में गोहाना रोटरी पर एच.एम. और स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स के निकट एच.एम. और आर.ओ.बी. पर स्लिप रोड्स, डी/आर सेक्टर-2-34, 3-34, 4-35, 5-36 और 6-36 पर पुरानी स्ट्रीट लाइट फिटिंग्स को नई एलईडी स्ट्रीट लाइट फिटिंग्स के साथ बदलना। | बंद होने की तिथि 28.07.2025 | 57.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/36847/I/88/6 दि. 22.07.25


## करनाल के युवक की अमेरिका में गोली मारकर हत्या

**करनाल।** अमेरिका के कैलिफ्रोर्निया में करनाल जिले के हठलाना गांव निवासी 32 वर्षीय संजीव की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार संजीव हर रोज की तरह रात को अपने कमरे के पास स्थित एक रेस्टोरेंट से खाना लेने निकला था, लेकिन वह लौटकर नहीं आया। कुछ देर बाद पुलिस का कॉल आया कि संजीव को रास्ते में गोली मार दी गई है। उसके छोटे भाई ने मौके पर पहुंचकर संजीव की पहचान की और तुरंत भारत में परिजनों को सूचना दी। परिवार के अनुसार संजीव वर्ष 2016 में डंकी रूट के जरिए अमेरिका गया था। वर्षों तक कठिनाइयों का सामना करने के बाद उसने लीगल स्टेटस प्राप्त किया और ग्रीन कार्ड होल्डर बन गया। वह हाल ही में एक रेस्टोरेंट में काम करता था और छोटे भाई के साथ किराये के मकान में रह रहा था।संजीव के छोटे भाई ने अमेरिका से फोन कर परिजनों को उसकी हत्या की सूचना दी, जिससे पूरे गांव में मातम छा गया। मां बेसुध हो गईं और पिता कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं रहे।


**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र मलिक पुत्र श्री जगबीर सिंह निवासी मकान नंबर 287, सेक्टर-2, रोहतक बयान करता हूं कि मेरे बेटे का नाम उसकी 10th की मार्कशीट में अरमान (Armaan) लिखा गया जिसको ठीक कर अरमान मलिक (Armaan Malik) किया जाए। मेरे बेटे के बाकि सभी दस्तावेजों में उसका नाम अरमान मलिक (Armaan Malik) है।



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति बवावी खेड़ा की दुकान नं. 1 की खुली पट्टा नीलामी दिनांक 01-08-2025 वार शुक्रवार को प्रातः 11 बजे की जानी है। धरोहर राशि मूल्य 10,000/- रुपये रखी गई है बाकी शर्ते मौके पर सुना दी जाएगी।

चेयरमैन पंचायत समिति बवानी खेड़ा — कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति बवानी खेड़ा


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

### मिर्गी का दौरा पड़ने पर युवक नाले में गिरा, मौत

**महेंद्रगढ़।** एक युवक को चलती बाइक पर मिर्गी का दौरा आ गया, जिससे वह बाइक सहित पास के नाले में गिर गया। नाले में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। शहर के मौहल्ला नात्थू वाला चामधेडा रोड निवासी जगमाल सिंह ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसके दो लड़के हैं। 25 वर्षीय बड़े लड़के सूरज को मिर्गी के दौरे आते थे। जिसका रोहतक पीजीआई से इलाज चल रहा था। सोमवार रात लगभग साढ़े 9 बजे वह धोलपोश गोशाला में जा रहा था। उसे सूचना मिली कि उसके बेटे को चलती मोटरसाइकिल पर मिर्गी का दौरा आ गया। वह मोटरसाइकिल सहित फिसल कर रोड के पास बने गंदे नाले में गिर गया और डूब गया। डूबने से उसके बेटे सूरज की मौके पर ही मौत हो गई।

### पीएचडी के शोधार्थी से साइबर ठगी के आरोप में राजस्थान से दो गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर पीएचडी कर रहे छात्र से करीब 94 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को सीकर राजस्थान क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। साइबर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद इरफान व वासिम निवासी सीकर राजस्थान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शुभम डूडी निवासी ऐलनाबाद की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शुभम ने शिकायत में बताया कि उसे मैसेज के जरिये बजाज फाइनेंस कंपनी में फर्जी नौकरी का प्रस्ताव मिला। टेलीग्राम लिंक के जरिये जाल में फंसाकर विभिन्न टास्क के बहाने आरोपियों ने उसके बैंक खाते से 94 हजार रुपये ट्रांसफर करवाए। पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग के आधार पर मोहम्मद इरफान व वासिम को सीकर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने धोखाधड़ी के लिए फर्जी खाते संजीव शर्मा नामक व्यक्ति से प्राप्त किए थे। गिफ्तारी के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर बैंक खाते और मोबाइल नंबर प्राप्त किए। अदालत ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### शब्द पहेली - 5936



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 5935 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |



# इंडी गठबंधन ने एसआईआर के खिलाफ संसद के भीतर और बाहर विरोध जताया, भाजपा ने कहा-विपक्ष 'गुंडागर्दी' कर रहा, भारत कोई धर्मशाला नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर मंगलवार को संसद के भीतर और बाहर विरोध जताया। विपक्षी सांसदों ने पहले संसद परिसर में प्रदर्शन किया और फिर लोकसभा एवं राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर जमकर नारेबाजी की जिससे दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। संसद के 'मकर द्वार' के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता मनोज झा और मीसा भारती तथा कई अन्य सांसद शामिल हुए। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण का विरोध करने पर विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की और उन पर 'गुंडागर्दी' का सहारा लेने का आरोप लगाया ताकि बांग्लादेशी और रोहिंग्या 'घुसपैठियों' सहित विदेशी लोगों को चुनावों में वोट देने का अधिकार मिल सके। विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ संसद के दोनों सदनों में प्रदर्शन किया। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में एसआईआर को लेकर इतना हंगामा इसलिए हो रहा है क्योंकि बांग्लादेशियों और घुसपैठियों के दम पर अपनी राजनीति चमकाने वाले डरे हुए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''संविधान के अनुसार, केवल भारतीय नागरिक ही चुनाव में मतदान कर सकते हैं।

संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने सदन के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री के जवाब और सदन में चर्चा की भी मांग की।

## दोनों सदनों में प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सके

**हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी**




विपक्षी सांसदों ने लोकसभा एवं राज्यसभा में जमकर नारेबाजी की

विपक्षी सांसदों ने 'नहीं चलेगा-नहीं चलेगा, एसआईआर नहीं चलेगा' और 'वोटबंदी बंद करो' के नारे लगाए। कई सांसदों ने अपने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर एसआईआर के विरोध में नारे लिखे हुए थे। राहुल गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट किया, ''एसआईआर की आड़ में बिहार में हो रही वोट चोरी के ख़िलाफ आज संसद परिसर में 'इंडिया' गठबंधन के साथियों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुआ।'' उन्होंने कहा, ''वोट देना हर नागरिक का अधिकार है, हम इसे किसी भी कीमत पर छिनने नहीं देंगे। संविधान विरोधी शक्तियों के खिलाफ एकजुटता से लड़ेंगे।'' प्रियंका गांधी ने कहा कि एसआईआर लोगों के वोट के अधिकार को छीनने की साजिश है। उन्होंने 'एक्स' पर पर पोस्ट किया, ''पहले महाराष्ट्र में मतदाता सूची में वोटर बढ़ाकर चुनाव की चोरी की गई। अब बिहार में वोटर के नाम काटकर यही करने की कोशिश की जा रही है। एसआईआर के नाम पर लागू की जा रही 'वोटबंदी' संविधान में दिए गए वोट के अधिकार को छीनने की साजिश है। हम संविधान को कुचलने की हर कोशिश के खिलाफ डटकर खड़े हैं।'

### रविशंकर प्रसाद बोले
### संविधान को पैरों तले रौंद रहा विपक्ष



रविशंकर प्रसाद ने दावा किया कि बिहार के अररिया, किशनगंज और पूर्णिया में जिलों की आबादी से ज्यादा आधार कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा, ''क्या इस मामले की जांच नहीं होनी चाहिए? क्या यह जांच नहीं होनी चाहिए कि कोई व्यक्ति एक से ज्यादा मतदान केंद्रों पर मतदाता के रूप में पंजीकृत तो नहीं?'' केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वह अपनी चालों से एक संवैधानिक संस्था पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है ताकि वह उसे अपने तरीके से चला सके। बेगूसराय के सांसद ने आरोप लगाया, ''आप (विपक्षी दल) संविधान के साथ 'गुंडागर्दी' कर रहे हैं, आप संविधान को अपने पैरों तले रौंद रहे हैं।''

### सरकार ने 'वोटबंदी' पर चर्चा से इनकार किया : जयराम



कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा के लिए तैयार नहीं हुई जिसके कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हुई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि सरकार ने अब तक स्पष्ट जवाब नहीं दिया है कि पहलगाम एवं ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा तथा राज्यसभा में चर्चा कब शुरू होगी और क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जवाब देंगे। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी क्योंकि मोदी सरकार ने बिहार और अन्य राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही वोटबंदी पर चर्चा से इनकार कर दिया।

### 'आधार, राशन कार्ड केवल पहचान के लिए माने जाते है': निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को उचित ठहराते हुए कहा है कि यह सूची से ''अयोग्य व्यक्तियों को हटाकर'' चुनाव की शुचिता को बढ़ाता है। बिहार से शुरू कर पूरे भारत में मतदाता सूची के एसआईआर का निर्देश 24 जून को दिया गया। इस निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि कानूनी चिंताओं के बावजूद आयोग एसआईआर-2025 प्रक्रिया के दौरान पहचान के सीमित उद्देश्य के लिए आधार, मतदाता कार्ड और राशन कार्ड पर पहले से ही विचार कर रहा है।

## 'कैंसर ट्रेन' नाम की कोई गाड़ी नहीं चल रही



सरकार ने मंगलवार को बताया कि भारतीय रेलवे में 'कैंसर ट्रेन' नाम से किसी ट्रेन का परिचालन नहीं हो रहा है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उनके अनुसार, रेल मंत्रालय ने सूचित किया है कि 'कैंसर ट्रेन' नाम की कोई ट्रेन भारतीय रेलवे के तहत नहीं चलाई जा रही है। मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार देशभर में कैंसर उपचार सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 'तृतीयक कैंसर देखभाल सुविधाओं को मजबूत करने' संबंधी योजना चला रही है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और तृतीयक कैंसर देखभाल केंद्र (टीसीसीसी) की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। जाधव ने बताया कि प्रति राज्य कैंसर संस्थान के लिए अधिकतम 120 करोड़ रुपये और प्रति तृतीयक कैंसर देखभाल केंद्र के लिए 45 करोड़ रुपये की सहायता दी जाती है।

## साइबर अपराधियों ने 22,845.73 करोड़ का नुकसान पहुंचाया



सरकार ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2024 में साइबर अपराधियों के कारण लोगों को 22,845.73 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा, जो इससे पहले के साल की तुलना में लगभग 206 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि है। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने लोकसभा में यह जानकारी दी। कुमार ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) के अनुसार, 2024 में पूरे देश में साइबर धोखाधड़ी के कारण नागरिकों को होने वाले नुकसान की कुल राशि 22,845.73 करोड़ रुपये थी जो इससे पहले के वर्ष में 7,465.18 करोड़ रुपये थी। उनके मुताबिक, 2024 में साइबर अपराधियों द्वारा की गई वित्तीय धोखाधड़ी की 36,37,288 घटनाएं एनसीआरपी और सीएफसीएफआरएमएस पर दर्ज की गईं, जबकि पिछले वर्ष ऐसी 24,42,978 घटनाएं घटी थीं।

## चिकित्सकों पर हमलों से निपटना राज्यों की जिम्मेदारी : केंद्र



सरकार ने बताया कि कोलकाता स्थित आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या की घटना के बाद गठित राष्ट्रीय कार्यबल अपनी रिपोर्ट उच्चतम न्यायालय को सौंप चुका है। उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों की सुरक्षा, कार्य स्थितियों और कल्याण से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए इस राष्ट्रीय कार्यबल (एनओएफ) का गठन किया था। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यबल अपनी रिपोर्ट पहले ही उच्चतम न्यायालय को सौंप चुका है। पटेल ने बताया कि 'स्वास्थ्य' और 'कानून एवं व्यवस्था' राज्य सूची के विषय हैं और इस कारण अस्पतालों में चिकित्सकों पर हमलों की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कार्रवाई करना संबंधित राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

---

**खबर संक्षेप**

### शरद ने की फड़णवीस की तारीफ, आप थकते नहीं

**महाराष्ट्र।** सियासी भूचाल के बीच अब एनसीपी के मुखिया शरद पवार ने देवेंद्र फड़णवीस की



खुलकर तारीफ की है। पवार ने कहा देवेंद्र इतनी मेहनत करतें है पर थकते क्यों नहीं है? देवेंद्र के काम की गति बहुत तेज है। उनकी मेहनत को देखकर मेरे मन में सवाल उत्पन्न होता है कि आखिर वेथकते क्यों नहीं है? महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़णवीस का आज जन्मदिन था।

### कांग्रेस को दान में मिली राशि का देना होगा टैक्स

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी को इनकम टैक्स के एक मामले राहत नहीं मिली है। आयकर अपीलीय



न्यायाधिकरण ने 2017-18 के एक टैक्स छूट मामले में पार्टी की अपील को खारिज कर दी है। आयकर न्यायाधिकरण ने टैक्स अधिकारियों के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि पार्टी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त दान पर आयकर देना होगा। कांग्रेस पार्टी को साल 2017-18 के दौरान दान के तौर पर मिले करीब 199 करोड़ रुपए पर टैक्स भुगतान के लिए आयकर विभाग का नोटिस मिला था, जिसका पार्टी ने विरोध किया था। कांग्रेस का कहना है कि करीब 199 करोड़ रुपए दान के तौर पर मिले थे, और वो करमुक्त होना चाहिए, फिर टैक्स की मांग गलत है।

### 175 स्कूलों में आईसीटी लैब स्थापित होंगी

## दिल्ली सरकार 1,200 मेधावी छात्रों को मुफ्त लैपटॉप देगी

कैबिनेट बैठक में मुहर लगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने मंगलवार को 10वीं कक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले 1,200 मेधावी विद्यार्थियों को मुफ्त आई7 लैपटॉप देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, सरकार द्वारा संचालित 175 स्कूलों में आईसीटी लैब स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने यह जानकारी दी। यह निर्णय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिए गए।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप उठाया कदम



शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दी जानकारी

मुख्यमंत्री डिजिटल शिक्षा योजना के तहत, दिल्ली सरकार के स्कूलों के उन छात्रों को आई7 लैपटॉप दिए जाएंगे, जिन्होंने दसवीं कक्षा की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। मंत्री ने कहा कि यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप उनकी भविष्य की डिजिटल शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा करेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना पर 8 करोड़ रुपये का व्यय होगा। सूद ने पिछली आप सरकार के शिक्षा में क्रांति के दावे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 1,074 सरकारी स्कूलों में से किसी में भी कार्यात्मक कंप्यूटर लैब नहीं है।

**प्रत्येक आईसीटी लैब में 40 कंप्यूटर होंगे**

सूद ने कहा कि सीबीएसई के मापदंडों के अनुसार स्थापित प्रत्येक आईसीटी लैब में 40 कंप्यूटर होंगे। सरकार ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत 100 सरकारी स्कूलों में 100 आईसीटी लैब स्थापित करने के लिए एक निजी संगठन से समझौता किया है।

### यूनिवर्सिटी चांसलर निकला धन कुबेर
## ईडी ने कुर्क की 20.28 करोड़ की चल और अचल संपत्तियां

एजेंसी ▶▶ शिलांग

केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पैसे लेकर फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने के मामले में शिलांग में सीएमजे यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति यानी चांसलर और उनके परिवार के सदस्यों की करीब 20.28 करोड़ की संपत्ति अस्थायी तौर पर कुर्क की है। ईडीने बताया कि इन संपत्तियों में नई दिल्ली में 19.28 करोड़ मूल्य की 4 अचल संपत्तियां और बैंक बैलेंस के रूप में 1करोड़ की चल संपत्ति शामिल है, जिन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है।




***2013 और 2022 के बीच की थी जालसाजी***

*शिलांग में ईडी उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने 3 जुलाई को कुर्की आदेश जारी किया था, जिसमें कुलाधिपति चंद्रमोहन झा और उनके परिवार के सदस्यों की 20.28 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने की बात कही थी। ईडी नकहा है कि ये अचल संपत्तियां 2013 और 2022 के बीच खरीदी गईं, जबकि बैंक बैलेंस को छिपाने के प्रयास में 16 दिसंबर, 2024 को उनके परिवार को हस्तांतरित कर दिया गया।*

### लोस अध्यक्ष बिरला से मिले अमित शाह, महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा की अटकलें

**नई दिल्ली (ब्यूरो )।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार शाम को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से उनके आवास पर मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया शुरू करने और इससे जुड़े प्रस्ताव के तमाम पहलुओं पर चर्चा हुई। हालांकि इस मुलाकात में क्या बातचीत हुई इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया बावजूद इसके अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार महाभियोग की दिशा में आगे बढ़ रही है। सूत्रों का कहना है कि बिरला के साथ शाह की बैठक में लोकसभा में चल रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए क्या कुछ किया जा सकता है, इस पर बात हुई। ज्ञात हो कि सोमवार को संसद परिसर स्थित लोकसभा अध्यक्ष बिरला के कार्यालय में सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों की एक बैठक हुई थी।

## भारतीयता ही विश्व की समस्याओं का एकमात्र समाधान : भागवत

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को लोगों से भारतीयता को आत्मसात करने और दुनिया को उन सभी समस्याओं का समाधान दिखाने का आह्वान किया, जिनका वह सामना कर रही है। भागवत ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भौतिकवाद के कारण विश्व अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है और अब वह इनके उत्तर के लिए भारत की ओर देख रहा है, क्योंकि पिछले 2,000 वर्षों में लोगों के जीवन में खुशी और संतोष लाने के लिए पश्चिमी विचारों पर आधारित सभी प्रयास विफल हो गए हैं।

### गरीब और अमीर के बीच की खाई दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही

उन्होंने कहा कि दुनिया में विज्ञान और आर्थिक क्षेत्र में हुई सभी प्रगतियों ने विलासिता की चीजें ला दीं और लोगों का जीवन आसान बना दिया, लेकिन दुखों का अंत नहीं कर सकीं। इग्नू और अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में भागवत ने कहा, शोषण बढ़ा, गरीबी बढ़ी। गरीब और अमीर के बीच की खाई दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा, प्रथम विश्व युद्ध के बाद शांति की वकालत करते हुए कई किताबें लिखी गईं, भविष्य में फिर से युद्ध न हो, इसके लिए राष्ट्र संघ का गठन किया गया।




### क्या राष्ट्रपति को आदेश दे सकती है अदालत, सुप्रीम कोर्ट ने भेजा केंद्र व राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत की 5 सदस्यीय संवैधानिक बेंच ने विधेयकों की मंजूरी से जुड़ी राष्ट्रपति के 14 रेफरेंस पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। इस बेंच की अध्यक्षता सीजेआई बीआर गवई कर रहे हैं। चीफ जस्टिस ने कहा है कि इस मामले की सुनवाई अगस्त के बीच में होगी। सुप्रीम कोर्ट की इस संवैधानिक बेंच में सीजेआई बीआर गव जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट की इस संवैधानिक बेंच की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि इसमें तीन सबसे वरिष्ठ जज है। इसके अलावा अन्य सभी चार जज सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस भी हो सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए थे। संविधान का अनुच्छेद 143(1) राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से विचार-विमर्श करने से संबंधित है। इसमें कहा गया है, 'यदि किसी भी समय राष्ट्रपति को ऐसा प्रतीत हो कि किसी कानून या तथ्य का लेकर कोई सवाल उठ रहा है, या उठ सकता है, जो सार्वजनिक महत्व का हो तो उस पर सर्वोच्च न्यायालय की राय ली जा सकती है।

**व्यापार समाचार**

### सेंसेक्स में 13.53 अंक और निफ्टी में 29.80 की गिरावट

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मंगलवार को लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। फौरन सामान पहुंचाने वाली कंपनियों और निजी बैंकों के शेयरों में आई तेजी का असर तेल एवं गैस और आईटी कंपनियों के शेयरों में हुए नुकसान के कारण जाता रहा। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 13.53 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,186.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 337.83 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 29.80 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,060.90 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि एक अगस्त की समयसीमा से पहले अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर स्पष्टता की कमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की मुनाफावसूली से बाजार धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जामैटो) में सबसे ज्यादा 10.56 प्रतिशत की तेजी आई। जोमैटो और ब्लिंकिट ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी इटर्नल ने सोमवार को जून तिमाही में अपना एकीकृत शुद्ध लाभ 25 करोड़ रुपये रहने की सूचना दी।

### अशोक चौधरी अमूल ब्रांड के चेयरमैन निर्वाचित

**आणंद (गुजरात)।** सहकारी नेता अशोक चौधरी मंगलवार को 'अमूल' ब्रांड का संचालन करने वाली सहकारी संस्था 'गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ' (जीसीएमएमएफ) के निर्विरोध चेयरमैन चुने गए। यह महासंघ गुजरात और देश के कई अन्य राज्यों में दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन करता है। आणंद के जिला कलेक्टर और चुनाव अधिकारी प्रवीण चौधरी ने बताया कि गोरधन धमेलिया को जीसीएमएमएफ का निर्विरोध वाइस चेयरमैन चुना गया है। उन्होंने कहा, ''अशोक चौधरी और गोरधन धमेलिया निर्विरोध चुने गए क्योंकि इन पदों के लिए कोई अन्य नामांकन प्राप्त नहीं हुआ था।'' जीसीएमएमएफ के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के चुनाव के लिए महासंघ की यहां बैठक आयोजित हुई थी। गुजरात की 18 सहकारी डेयरी समिति इस महासंघ की सदस्य हैं।

## चिंतन

# इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला विपक्ष न करे राजनीति

उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। विपक्ष सरकार पर दबाव बना रहा है कि इस इस्तीफे के पीछे का सच बाहर आना चाहिए। सरकार या भाजपा की तरफ से चुप्पी सस्पेंस को बढ़ा रही है और कयासों को हवा दे रही है। इस्तीफे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिक्रिया भी सामान्य है। हालांकि इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला होता है, इस पर विपक्ष को राजनीति नहीं करनी चाहिए। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से त्यागपत्र दे दिया और कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति ने इसे स्वीकार भी कर लिया। धनखड़ के इस्तीफे को भी उनके व्यक्तिगत फैसले के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन घटनाक्रम इतनी तेजी से घटा कि विपक्ष सवाल उठा रहा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ? 12 दिन पहले ही धनखड़ ने जेएनयू के एक कार्यक्रम में अपना कार्यकाल पूरा करने की बात कही थी। अगस्त 2027 तक उनका कार्यकाल था। दो साल पहले ही धनखड़ का स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पद छोड़ना चौंकाता है। विपक्ष जो जगदीप धनखड़ की ज्यादातर समय आलोचना किया करते थे और उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव तक लाया था, इस फैसले से हैरत में हैं। माना जा रहा है कि इस त्यागपत्र के कई सियासी मायने हैं। सोमवार को राज्यसभा में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई शुरू करने के लिए आए प्रस्ताव में सभी 63 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर व सत्ता पक्ष के एक भी सांसद के साइन नहीं होने के बावजूद सभापति के रूप में धनखड़ के नोटिस को स्वीकारने से भाजपा असहज हुई हो। राज्यसभा में ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय मंत्री व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच खड़संवाद, आसन को अरुचिकर लगा हो व इस्तीफे का कारण हो। एक कयास यह भी है कि आगे बिहार में विधानसभा चुनाव है और अगले साल तमिलनाडु में विस चुनाव है, तो इसे देखते हुए इन दोनों में से किसी एक राज्य के नेता को उपराष्ट्रपति बनाकर भाजपा कोई राजनीतिक संदेश देना चाह रही हो। इसलिए इस्तीफा हुआ हो। हालांकि इसके और भी तरीके हो सकते हैं। धनखड़ का न्यायपालिका से लगातार टकराव भी एक वजह हो सकता है, लेकिन फिर टाइमिंग इस वजह से मैच नहीं कर रही है। धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन (एनजेएसी) कानून रद किए जाने की निंदा करते हुए न्यायपालिका द्वारा संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन का आरोप लगाया था। यह सही है कि जगदीप धनखड़ बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे और हाल में ही उन्होंने हृदय संबंधी समस्याओं का इलाज करवाया था, तो त्यागपत्र के पीछे वास्तव में उनका स्वास्थ्य कारण ही माना जाना चाहिए। धनखड़ के 3 साल के कार्यकाल में राज्यसभा में विपक्षी दलों के साथ उनकी लगातार तीखी बहस हुईं, लेकिन कई बार विवादास्पद मुद्दों पर उनकी तीखी टिप्पणियों ने सरकार को असहज भी किया। उपराष्ट्रपति के रूप में भारत के प्रति धनखड़ की समर्पित और बहुमूल्य सेवा के लिए हमेशा उनकी सराहना होगी। अपने कार्यकाल में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की। बहरहाल, संविधान के अनुच्छेद 68 के तहत, उनके उत्तराधिकारी का चुनाव छह महीने के भीतर पूरा करना अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति भारत का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद है। वह राज्यसभा का पदेन सभापति भी होता है। इसलिए यह पद लंबे समय तक रिक्त नहीं रखा जा सकता है।



**धनखड़ का इस्तीफा**
विवेक शुक्ला

# पहले भी विवादों में रहे हैं उपराष्ट्रपति

जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं। देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

भारत में उपराष्ट्रपति पद पर आसीन शख्सियतें अक्सर विवादों से घिरी रहीं हैं। जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं।

देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। दरअसल 1969 में राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के निधन के बाद, तत्कालीन उप-राष्ट्रपति वी.वी. गिरि कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। कांग्रेस पार्टी के भीतर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पुराने नेताओं के 'सिंडिकेट' के बीच सत्ता संघर्ष चरम पर था। कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी थे, जिन्हें सिंडिकेट का समर्थन प्राप्त था। इंदिरा गांधी ने वी.वी. गिरि को एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कांग्रेस के सांसदों और विधायकों से 'अंतरात्मा की आवाज' पर वोट देने का आह्वान किया। परिणाम यह हुआ कि गिरि एक बहुत ही करीबी मुकाबले में जीत गए। इस घटना ने कांग्रेस पार्टी को दो फाड़ कर दिया और इंदिरा गांधी को पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापित किया।

यह एक ऐसा मामला था जहां उप-राष्ट्रपति का पद सीधे तौर पर सत्ता संघर्ष का एक उपकरण बन गया। इसी क्रम में बी.डी. जत्ती और 1977 के संवैधानिक संकट की चर्चा करना भी जरूरी है। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के 1977 में निधन के बाद, उप-राष्ट्रपति बी.डी. जत्ती कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। देश में आपातकाल के बाद, केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। सरकार ने नौ कांग्रेस शासित राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने की सिफारिश की। कार्यवाहक राष्ट्रपति जत्ती ने इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर करने में शुरू में हिचकिचाहट दिखाई। उनकी हिचकिचाहट के कारण कुछ दिनों तक संवैधानिक संकट पैदा हो गया था, क्योंकि यह सवाल उठा कि क्या कार्यवाहक राष्ट्रपति कैबिनेट की सलाह को मानने के लिए बाध्य है। हालांकि कुछ दिनों के बाद उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए, लेकिन इस घटना ने कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियों पर एक बड़ी बहस छेड़ दी। आप कह सकते हैं कि दो बार उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी का कार्यकाल काफी हद तक गैर-विवादास्पद रहा, लेकिन उनके कार्यकाल के अंत में दिए गए बयानों ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। एक साक्षात्कार में, उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों में 'असुरक्षा और बेचैनी की भावना' है। इस बयान की सत्ताधारी दल और उसके समर्थकों ने तीखी आलोचना की।

उन पर एक संवैधानिक पद पर रहते हुए एक राजनीतिक और विभाजनकारी बयान देने का आरोप लगाया गया। इससे पहले भी, गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राष्ट्रगान के समय ध्वज को सलामी न देने पर उनकी आलोचना हुई थी। बाद में यह स्पष्ट किया गया कि प्रोटोकॉल के अनुसार, केवल राष्ट्रपति ही सलामी देते हैं और अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति केवल सावधान की



मुद्रा में खड़े होते हैं। हालांकि, स्पष्टीकरण के बावजूद यह मुद्दा सोशल मीडिया पर एक विवाद बना रहा। जब तक हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति आवास में रहे तब तक वहां पर अनेक लेखकों की किताबों के विमोचन होते रहे। उन्हें लेखकों और विद्वानों से मिलना पसंद था। उन्होंने खुद भी कई किताबें लिखी थीं। वेंकैया नायडू ने 2018 में, राज्य सभा के सभापति के रूप में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि नायडू ने यह निर्णय जल्दबाजी में और सरकार के दबाव में लिया। उनका तर्क था कि प्रस्ताव में पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर थे और इसे स्वीकार कर जांच समिति को भेजा जाना चाहिए था। पर नायडू ने अपने फैसले को यह कहते हुए सही ठहराया कि प्रस्ताव में लगाए गए आरोप 'अस्पष्ट' थे और 'सिद्ध कदाचार' की श्रेणी में नहीं आते थे।

इस फैसले ने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच संबंधों पर एक तीव्र बहस को जन्म दिया और सभापति की विवेकाधीन शक्तियों को चर्चा के केंद्र में ला दिया। वे बेहद ओजस्वी वक्ता हैं। बहुत खुलकर अपनी बात रखते हैं। उनकी छवि एक 'आंदोलनकारी' की रही। छात्र जीवन में उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की विचारधारा से प्रभावित होकर आपातकालीन संघर्ष में हिस्सा लिया। वे आपातकाल के विरोध में सड़कों पर उतर आए और उन्हें जेल भी जाना पड़ा। वे बेहतरीन मेजबान भी थे। सबसे खूब प्रेम से मिलते-जुलते थे। उपराष्ट्रपति के रूप में भी उनका कार्यकाल शानदार रहा था। वे अपनी बात कहने से कभी पीछे नहीं हटते। वे कभी-कभी किसी सेमिनार में भाग लेते हुए श्रोताओं को कस भी देते हैं जिनकी जुबान चलती रहती थी। अगर इन कुछ उदाहरणों को छोड़ दें तो उप राष्ट्रपति के रूप में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. जाकिर हुसैन, गोपाल स्वरूप पाठक, आर.वेंकटरमण, शंकर दयाल शर्मा, डॉ. के.आर.नारायणन, कृष्ण कांत, भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल शांति से निकले। अगर देश के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की बात करें तो उनकी पहल पर ही राजधानी को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) मिला था। डॉ. राधाकृष्णन ने 1958 में देश के तब के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से इच्छा जताई थी कि राजधानी में कोई इस तरह की जगह बन जाए जिधर पढ़ने-लिखने की दुनिया से जुड़े लोग मिल-बैठ करते रहें। उनकी सलाह नेहरू जी को पसंद आ गई।

उन्होंने बिना देर किए शहरी विकास मंत्रालय को निर्देश दिए कि वह एक प्लाट अलाट करे। तब लोधी गार्डन से सटे 4.76 एकड़ का प्लॉट आईआईसी के लिए अलॉट किया गया। इसका प्लाट मिलने के बाद डॉ. राधाकृष्णन ने आईआईसी को खड़ा करने के लिए वित्त मंत्री डॉ. सी.डी. देशमुख, प्रो. एच.एन. कुंजरू, प्रो. हुमायूं कबीर ( जॉर्ज फर्नांडिस के ससुर), दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के डायरेक्टर डॉ. वीके आरवी राव वगैरह को जोड़ा। कृष्णकांत का उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए 27 जुलाई, 2002 को निधन हो गया था। भैंरो सिंह शेखावत के दौर में उपराष्ट्रपति आवास के गेट आम-खास सब के लिए खुले रहते थे। भैरोंसिंह शेखावत 19 अगस्त 2002 से 21 जुलाई 2007 तक देश के उपराष्ट्रपति रहे। शेखावत जी खुद यारबाश और किस्सागो इंसान थे। उनके पास मिलने वालों की भीड़ कभी कम नहीं होती थी। गर्मागर्म चाय पिलाकर वे अतिथियों से विस्तार से वार्तालाप करते थे। गंभीर राजनीति हो या तनाव के लम्हे, शेखावत हास्य के क्षण खोज लेते थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती पर विशेष
सुरेन्द्र शर्मा



# स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे चन्द्रशेखर 'आज़ाद'

भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों में चन्द्रशेखर आजाद का नाम सदा अग्रणी रहेगा। उनका जन्म 23 जुलाई, 1906 को ग्राम भाबरा (जिला झाबुआ, वर्तमान में जिला आलीराजपुर, मध्य प्रदेश) में हुआ था। उनके पूर्वज गांव बदरका (जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश) के निवासी थे; पर अकाल के कारण इनके पिता सीताराम तिवारी भाबरा में आकर बस गये थे। बचपन से ही चन्द्रशेखर का मन अंग्रेजों के अत्याचार देखकर सुलगता रहता था। किशोरावस्था में वे भागकर अपनी बुआ के पास बनारस आ गये और संस्कृत विद्यापीठ में पढ़ने लगे। बनारस में ही वे पहली बार विदेशी सामान बेचने वाली एक दुकान के सामने धरना देते हुए पकड़े गये। थाने में हुई पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वतन्त्रता और घर का पता जेलखाना बताया। इस पर बौखलाकर थानेदार ने इन्हें 15 बेंतों की सजा दी। हर बेंत पर ये 'भारत माता की जय' बोलते थे। तब से ही इनका नाम 'आजाद' प्रचलित हो गया। आगे चलकर आजाद ने सशस्त्र क्रान्ति के माध्यम से देश को आजाद कराने वाले युवकों का एक दल बना लिया।

भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल, अशफाक, मन्मथनाथ गुप्त, शचीन्द्रनाथ सान्याल, जयदेव आदि उनके सहयोगी थे। आजाद तथा उनके सहयोगियों ने नौ अगस्त, 1925 को लखनऊ से सहारनपुर जाने वाली रेल को काकोरी स्टेशन के पास रोककर सरकारी खजाना लूट लिया। यह अंग्रेज शासन को खुली चुनौती थी, अतः सरकार ने क्रान्तिकारियों को पकड़ने में पूरी ताकत झोंक दी। पर आजाद को पकड़ना इतना आसान नहीं था। वे वेश बदलकर क्रान्तिकारियों के संगठन में लगे रहे। 17 दिसम्बर, 1928 को इनकी प्रेरणा से ही भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु आदि ने लाहौर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने सांडर्स को यमलोक पहुंचा दिया। अब तो पुलिस बौखला गयी; पर क्रान्तिवीर अपने काम में लगे रहे। कुछ समय बाद क्रान्तिकारियों ने लाहौर विधानभवन में बम फेंका। यद्यपि उसका उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था। बम फेंककर भगतसिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने आत्मसमर्पण कर दिया। उनके वीरतापूर्ण वक्तव्यों से जनता में क्रान्तिकारियों के प्रति फैलाये जा रहे भ्रम दूर हुए। दूसरी ओर अनेक क्रान्तिकारी पकड़े भी गये। उनमें से कुछ पुलिस के अत्याचार न सह पाये और मुखबिरी कर बैठे। इससे क्रान्तिकारी आन्दोलन कमजोर पड़ गया। केन्द्रीय असेंबली में बम चन्द्रशेखर आज़ाद के ही सफल नेतृत्व में भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को दिल्ली की केन्द्रीय असेंबली में बम विस्फोट किया। यह विस्फोट अंग्रेज़ सरकार द्वारा बनाए गए काले क़ानूनों के विरोध में किया गया था। आज़ाद को 28 मई 1930 को भगवती चरण वोहरा की बम-परीक्षण में हुई शहादत से भी गहरा आघात लगा था। इसके कारण भगत सिंह को जेल से छुड़ाने की योजना भी खटाई में पड़ गयी थी। भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए आज़ाद ने दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा, जहां से उन्हें कोरा जवाब दे दिया गया था। वह 27 फरवरी, 1931 का दिन था। पुलिस को किसी मुखबिर से समाचार मिला कि आज प्रयाग के अल्फ्रेड पार्क में चन्द्रशेखर आजाद किसी से मिलने वाले हैं। पुलिस ने समय गंवाये बिना पार्क को घेर लिया। आजाद एक पेड़ के नीचे बैठकर अपने साथी की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही उनकी निगाह पुलिस पर पड़ी, वे पिस्तौल निकालकर पेड़ के पीछे छिप गये। कुछ ही देर में दोनों ओर से गोली चलने लगी। इधर चन्द्रशेखर आजाद अकेले थे और उधर कई जवान। जब आजाद की पिस्तौल में एक गोली रह गयी, तो उन्होंने देश की मिट्टी अपने माथे से लगायी और उस अन्तिम गोली को अपनी कनपटी में मार लिया। उनका संकल्प था कि वे आजाद ही जन्मे हैं और मरते दम तक आजाद ही रहेंगे। उन्होंने इस प्रकार अपना संकल्प निभाया और जीते जी पुलिस के हाथ नहीं आए। आजाद के बलिदान की खबर जनता को लगी सारा, प्रयागराज अलफ्रेड पार्क में उमड़ पड़ा। जिस वृक्ष के नीचे आजाद शहीद हुए थे, लोग उस वृक्ष की पूजा करने लगे। वृक्ष के तने के इर्द-गिर्द झण्डियां बांध दी गयीं। लोग उस स्थान की माटी को कपड़ों में शीशियों में भरकर ले जाने लगे। समूचे शहर में आजाद के बलिदान की खबर से जबरदस्त तनाव हो गया। लोग सडकों पर आ गये।अगले दिन आजाद की अस्थियां चुनकर युवकों का एक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में इतनी ज्यादा भीड़ थी कि प्रयागराज की मुख्य सडकों पर जाम लग गया। ऐसा लग रहा था जैसे प्रयागराज की जनता के रूप में सारा हिन्दुस्तान अपने इस सपूत को अंतिम विदाई देने उमड़ पड़ा हो।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
**दर्शन**

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
**प्रेरणा**

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है।

*–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### हार्वर्ड विश्वविद्यालय में गीता गोपीनाथ पुन: देंगी सेवाएं

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में प्रथम उप प्रबंध निदेशक भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर के रूप में पुनः सेवाएं देंगी।



आईएमएफ के इतिहास में पहली मुख्य महिला अर्थशास्त्री गोपीनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आईएमएफ में लगभग सात अद्भुत वर्षों के बाद मैंने अपनी शैक्षणिक जड़ों की ओर लौटने का फैसला किया है।' गोपीनाथ एक सितंबर को हार्वर्ड के अर्थशास्त्र विभाग में अर्थशास्त्र की प्रथम 'ग्रेगरी और एनिया कॉफी प्रोफेसर' के रूप में फिर से सेवाएं देंगी। उन्होंने कहा कि वह आईएमएफ में बिताए गए समय के लिए 'वाकई आभारी'' हैं। वह आईएमएफ में पहले मुख्य अर्थशास्त्री थीं और फिर उन्होंने प्रथम उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि अभूतपूर्व चुनौतियों के दौर में आईएमएफ के लिए काम करना जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है। उन्होंने कहा, 'अब मैं अकादमिक जगत में अपनी जड़ों की ओर लौट रही हूं, जहां मैं वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त और समष्टि अर्थशास्त्र में अनुसंधान को आगे बढ़ाने तथा अर्थशास्त्रियों की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने के लिए तत्पर हूं।'

## ऑफ बीट

### गोआना की त्वचा के नीचे अस्थि प्लेट का पता चला

मॉनिटर लिजर्ड, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया में गोआना भी कहा जाता है, इस महाद्वीप के सबसे अनोखी सरीसृपों में से एक हैं। इनका वंश न केवल उस सामूहिक



विलुप्ति से बच गया जिसने डायनासोर को समाप्त किया, बल्कि उससे पृथ्वी पर सबसे बड़ी जीवित छिपकली आईं। लिनियन सोसाइटी की जूलॉजिकल जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में उनकी त्वचा के नीचे की जांच की गई है। त्वचा जीवित रहने के लिए एक आवश्यक अंग है। कुछ जानवरों में, इसमें त्वचा के ऊतकों के बीच धंसी हुई अस्थि प्लेट की एक परत होती है। मगरमच्छों या आर्मडिलो में कवच जैसी प्लेट के बारे में सोचें: ये ऑस्टियोडर्म हैं। इनका आकार सूक्ष्म से लेकर विशाल तक होता है, जिसमें स्टेगोसॉरस की पीठ की प्लेट सबसे प्रभावशाली उदाहरण हैं। हम अभी इन रहस्यमयी संरचनाओं को समझना शुरू ही कर पाए हैं। ऑस्टियोडर्म, यानी त्वचा के नीचे स्थित हड्डी जैसी प्लेट, उन प्राणियों की वंशावलियों में पाई जाती हैं जो लगभग 38 करोड़ वर्ष पहले एक-दूसरे से विभाजित हो गई थीं। इसका मतलब यह है कि ये हड्डीनुमा प्लेट स्वतंत्र रूप से विकसित हुई होंगी- ठीक वैसे ही जैसे सक्रिय उड़ना पक्षियों, प्टेरोसॉर और चमगादड़ों में अलग-अलग रूप में विकसित हुआ था।

## ट्रेंड

### लोकतंत्र के प्राण



संसद लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा ही लोकतंत्र के प्राण हैं। लेकिन विपक्ष ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन नहीं किया और साथ ही देश के करोड़ों किसानों का भी अनादर किया।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम



देश के लगभग 80 प्रतिशत गांवों ने 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम का दर्जा हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता और स्वच्छ गांवों के निर्माण में जमीनी स्तर के शासन की परिवर्तनकारी शक्ति को दर्शाती है।
**-सीआर पाटिल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री**

### छात्रों को लैपटॉप



दिल्ली सरकार ने छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 1,200 छात्र-छात्राओं को सरकार निःशुल्क लैपटॉप प्रदान करेगी।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### फिल्म ही असली सुपरस्टार



अब समय आ गया है कि बॉलीवुड सितारे अपनी पीआर टीमों के माध्यम से खुद को नंबर 1 या नंबर 2 कहना बंद करें... अब हम स्वीकार करें कि केवल फिल्म ही असली सुपरस्टार है... बॉक्स ऑफिस पर गदर बनाएं क्योंकि यही मायने रखता है।
**-अमीषा पटेल, अभिनेत्री**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# टेस्ट क्रिकेट में इन बल्लेबाजों ने पहली बार में ही ठोक डाले तिहरे और दोहरे शतक

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाना किसी भी बल्लेबाज के लिए बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। यही कारण है कि अब तक विश्व क्रिकेट में गिनती के ही बल्लेबाजों ने ये मुकाम हासिल किया है। हालांकि, इनमें से कुछ ऐसे प्रतिभाशाली बल्लेबाज भी हुए हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही शतकीय पारी को तिहरे शतक में तब्दील किया है। वहीं भारतीय खिलाड़ियों में दिलीप सरदेसाई, विनोद कांबली और मयंक अग्रवाल दोहरे शतक ठोक चुके हैं।



### गैरी सोबर्स

**(365* रन बनाम पाकिस्तान, 1958)**

वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर गैरी सोबर्स ने 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया था। किंग्स्टन में खेले गए उस मैच में सोबर्स ने अपनी पहली पारी में नाबाद 365 रन बनाए थे और उनकी बदौलत कैरेबियाई टीम ने अपनी पहली पारी 790/3 के विशाल स्कोर पर घोषित की थी। आखिर में वेस्टइंडीज ने वो टेस्ट पारी और 174 रन से जीता था। सोबर्स ने अपने टेस्ट करियर में कुल 26 शतक लगाए थे।



### करुण नायर

**(303* रन बनाम इंग्लैंड, 2016)**

भारतीय टीम के करुण नायर ने 2016 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में अपने पहले ही शतक को तिहरे शतक में तब्दील किया था। उन्होंने 381 गेंदों में नाबाद 303 रन बनाए थे। अपनी इस जोरदार पारी में उन्होंने 32 चौके और 4 छक्के लगाए थे। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी को 759/7 के स्कोर पर घोषित किया था। आखिरकार भारत ने वो मैच पारी और 75 रन से जीता था।

### बॉब सिंपसन (311 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 1964)

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बॉब सिंपसन ने 1964 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया और अपनी पारी को तिहरे शतक में तब्दील किया था। ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में पारी की शुरुआत करते हुए उन्होंने 743 गेंदों का सामना करते हुए 311 रन बनाए थे। उनकी बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 656/8 के स्कोर पर घोषित की थी। हालांकि, ये मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

### इन भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए दोहरे शतक



भारत की ओर से दिलीप सरदेसाई (बनाम न्यूजीलैंड, 1965), विनोद कांबली (बनाम इंग्लैंड, 1993), और मयंक अग्रवाल (बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2019) ही ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने अपने पहले शतक को दोहरे शतक में तब्दील किया था।

## खबर संक्षेप



### झेंग सर्जरी के कारण अमेरिकी ओपन से हटीं

**न्यूयॉर्क।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने कोहनी की चोट के कारण वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट अमेरिकी ओपन से नाम वापस ले लिया है। अमेरिकी ओपन में उनकी जगह फ्रांस की लेओलिया जीनजीन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है। चीन की 22 वर्षीय खिलाड़ी झेंग ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी में दर्द के कारण उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएगी। बता दें कि झेंग की कोहनी की आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है।

### एसीसी उपाध्यक्ष पद के लिए पाक बेचैन, भारत ने किया बैठक का बायकॉट



**मैनचेस्टर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपनी जिद पर अड़े रहना भारी पड़ सकता है। उसने बीसीसीआई के खिलाफ जाने का फैसला किया है और उसकी बार-बार की जा रही एक अपील को मान नहीं रहा। ऐसे में अब बीसीसीआई को दूसरे देशों का साथ भी मिल रहा है। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ जाने का फैसला किया है। बांग्लादेश का दौरा एक साल के लिए स्थगित होने के बाद ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद की इस सप्ताह वार्षिक आम सभा (एजीएम) होनी थी लेकिन बीसीसीआई ने उस बैठक में नहीं शामिल होने का फैसला किया। अब भारत को इस मुद्दे पर श्रीलंका का भी साथ मिला है। बता दें कि इस बैठक में एसीसी उपाध्यक्ष पद का चयन भी होना है। वहीं अफगानिस्तान से भी बीसीसीआई की बात चल रही है। सूत्रों ने बताया कि बीसीसीआई की ओर से बार बार ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद की बैठक नहीं करने को कहा गया है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस पर अड़े हुए हैं और कई तरह की शर्तें रख रहे हैं।

### हम्पी-दिव्या ने सेफा की पहली बाजी ड्रॉ खेली

**बातुमी (जॉर्जिया)।** ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने मंगलवार को यहां फिडे महिला विश्व कप सेमीफाइनल की पहली बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए चीन की टिंगजी लेई को आसान ड्रॉ पर रोक दिया जबकि दिव्या देशमुख ने मजबूत डिफेंस की बदौलत पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टैन के साथ अंक बांटे। दो भारतीय और दो चीन की खिलाड़ियों के अंतिम चार में पहुंचने के साथ महिला शतरंज में एशियाई खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार रहा। दोनों भारतीयों ने काले मोहरों से ड्रॉ करके शानदार शुरुआत की है और दूसरी बाजी में दोनों सफेद मोहरों से खेलेंगी। अगर इस 6,91,250 अमेरिकी डॉलर इनामी प्रतियोगिता की अगली बाजियां भी ड्रॉ रहती हैं तो विजेता का फैसला करने के लिए कम समय के मुकाबले खेले जाएंगे।

**चौथा टेस्ट आज से,** एक भी टेस्ट इस मैदान में नहीं जीत सकी है भारतीय टीम

# अग्निपरीक्षा : ओल्ड ट्रैफर्ड में गिल ब्रिगेड उतरेगी जीत का इतिहास रचने, इंग्लैंड सीरीज जीतने लगाएगी दमखम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट आज 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली मेहमान टीम हर हाल में इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बराबरी करने का प्रयास करेगी वहीं ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में टेस्ट जीतकर इतिहास रचेगी। वहीं इंग्लैंड की टीम इस मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाने की पुरजोर कोशिश करेगी। भारत के लिए यही टेस्ट मैच अहम है क्योंकि इसी मैच में सीरीज का फैसला होना है। वर्तमान में भारतीय टीम 2-1 से पीछे चल रही है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का प्रभावशाली प्रदर्शन रहा है और ऐसे में टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी लेकिन टीम को कैसे भी करके यह मुकाबला जीतना है ताकि बराबरी हो सके और अंतिम टेस्ट मैच रोचक हो।



### मैच में पड़ सकता है बारिश का खलल

मैनचेस्टर टेस्ट में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है। मैच के पहले और 5वें दिन बारिश की सबसे ज्यादा संभावना है। इन 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के रहने के उम्मीद है। इस बीच 26 जुलाई को भी बारिश की संभावना है।

### भारत के खिलाफ इंग्लैंड ने जीते हैं ज्यादा मैच

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 1932 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अब तक 139 मुकाबले खेले गए हैं। 36 मुकाबलों में भारतीय टीम को जीत और 53 में हार मिली है। 50 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। इंग्लैंड की धरती पर दोनों टीमों ने 70 मैच खेले गए हैं। 10 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 38 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 22 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

### भारत ने नहीं जीता इस मैदान में एक भी टेस्ट

भारत ने इस मैदान पर अब तक 1 भी टेस्ट नहीं जीता है और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इस बार जीत के साथ नया इतिहास लिखने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने यहां अब तक 84 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान टीम को 33 मैच में जीत मिली है। इंग्लैंड को सिर्फ 15 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। उसने यहां 36 मुकाबले ड्रॉ खेले हैं। भारत ने इस मैदान पर 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 मैच में उसे हार मिली है। इसके अलावा 5 मैच ड्रा रहे हैं। भारत का इस मैदान पर सर्वोच्च स्कोर 432 रन रहा है।

### तेज गेंदबाजों के लिए मददगार है पिच

ऐतिहासिक रूप से ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच पर खतरनाक उछाल देखने को मिलता रहा है। यह पिच पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती थी। हालांकि, पिछले कुछ समय में यहां की पिच पर बल्लेबाजों के लिए आसानी हुई है। हाउस्टेट के मुताबिक, यहां पहली पारी का औसत स्कोर 324 रन है। इस मैदान पर हासिल किया गया सर्वोच्च लक्ष्य 294 रन है, जो इंग्लैंड ने 2008 में न्यूजीलैंड के खिलाफ किया था।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को 13 रन से हराया, 2-1 से जीती सीरीज

**हरमनप्रीत ने 84 गेंद में 102 रन की पारी खेली वनडे में तीसरा शतक पूरे किए 4,000 रन**



**प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज**

**चेस्टर ली स्ट्रीट(भाषा)।** कप्तान हरमनप्रीत कौर की 84 गेंद में 102 रन की पारी और जेमिमा रोड्रिग्ज के तेजतर्रार अर्धशतक की मदद से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को यहां इंग्लैंड को 13 रन से करारी मात दी। इसके साथ ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम को 13 रन से हराते हुए सीरीज पर 2-1 से कब्जा जमाया। चेस्टर ली स्ट्रीट में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतक (102) की बदौलत 318/5 का स्कोर बनाया। जवाब में मेजबान टीम नैट साइवर-ब्रंट (98) की पारी के बावजूद 305/10 रन ही बना सकी। हरमनप्रीत शानदार लय में नजर आईं और उन्होंने अपने कुल सातवें और इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे शतक के दौरान कुछ महत्वपूर्ण साझेदारियां भी की। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 14 चौके जड़े। यह इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में भारत का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। टीम ने सितंबर 2022 में केंटरबरी में इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 333 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया था। भारतीय कप्तान ने ऑफ साइड में शानदार शॉट खेले और अपने अधिकतर चौके वहीं मारे। उन्होंने कुछ सीधी बाउंड्री लगाने के अलावा विकेट के पीछे भी एक चौका मारा। हरमनप्रीत ने इस दौरान हरलीन देओल (45) के साथ तीसरे विकेट विकेट के लिए 81 और फिर जेमिमा रोड्रिग्स (50) के साथ सिर्फ 77 गेंद में 110 रन की साझेदारी करके भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। रिचा घोष ने अंत में सिर्फ 18 गेंद में नाबाद 38 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के मारे। भारत को इससे पहले स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल की सलामी जोड़ी ने 64 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। इस साझेदारी के दौरान मंधाना ने आक्रामक रुख अपनाया। मंधाना पांच चौके लगाकर अच्छी लय में लग रहीं थी।

**चाइना ओपन**

# प्रणय पांच मैच प्वाइंट बचाकर अगले दौर में, लक्ष्य सेन बाहर



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने पांच मैच प्वाइंट बचाए और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां जापान के कोकी वतनबे को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन फिर से पहली बाधा पार नहीं कर पाए। विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 18वें नंबर के वतनबे के खिलाफ 8-21, 21-16, 23-21 से जीत हासिल की। लक्ष्य का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अच्छी शुरुआत के बावजूद चीन के पांचवें वरीय ली शि फेंग से 21-14, 22-24, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### कॅरियर के इस पड़ाव पर जीत जरूरी थी : प्रणय

प्रणय ने मैच के बाद कहा, "मेरे करियर के इस पड़ाव पर, हर जीत मायने रखती है। मैं टूर पर वापस आकर खुश हूं। खेल का स्तर वास्तव में काफी बेहतर हो गया है और आपको शुरू से ही कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अब हर राउंड जीतना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, "पुरुष एकल में औसत आयु अचानक 22-23 वर्ष हो गई है। बहुत सारे नए चेहरे हैं और आप वास्तव में नहीं जानते कि उनका खेल कैसा है। अब अनुभव बहुत ज्यादा मायने नहीं रखता है।

### दूसरे गेम के बाद बनाई बढ़त

भारतीय खिलाड़ी की पहले गेम में जापान के खिलाड़ी के सामने एक नहीं चली लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने अच्छी वापसी करके मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरा और निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा। प्रणय आखिरी गेम में 2-11 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने लगातार पांच अंक लेकर अंतर कम कर दिया। फिर भी 15-20 के स्कोर पर जापान के खिलाड़ी के पास पांच मैच प्वाइंट थे। भारतीय खिलाड़ी ने इन सभी मैच प्वाइंट को बचाकर 21-20 की मामूली बढ़त हासिल कर ली और आखिर में यादगार जीत दर्ज की।

### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय पहले ही दौर में चीनी ताइपे की लिन हिस्यांग ती से 23-21, 11-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गईं। ए सूर्या और ए प्रमुथेश तथा रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी अपने शुरुआती दौर के मैच हार गईं।

# वैष्णवी सेफा में, विश्व विश्वविद्यालय खेलों में टेनिस का पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय

भाषा ▶▶| बर्लिन

भारत ने टेनिस में पदक पक्का कर लिया है जब वैष्णवी अडकर ने मंगलवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय खेलों के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि विभिन्न खेलों में देश के अधिकांश खिलाड़ी छाप छोड़ने में नाकाम रहे। बीस वर्षीय वैष्णवी ने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्थानीय दावेदार सिना हरमन को 6-1, 6-4 से हराया। बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में उनका सामना स्लोवाकिया की एस्टर मेरी से होगा। वैष्णवी विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय बनेंगी। इससे पहले 1979 में मेक्सिको सिटी में नंदल बल ने पुरुष एकल में रजत पदक जीता था। नियमों के अनुसार विश्व विश्वविद्यालय खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक दिए जाते हैं। वैष्णवी का पदक मंगलवार को भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पहलू रहा जिसे एक और पदक रहित दिन का सामना किया। भारत ने बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा के जरिए अब तक केवल एक पदक जीता है जबकि खेलों का आधा सफर तय हो चुका है। तैराकी में श्रीहरि नटराज पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 23.06 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट जीतने के बावजूद सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। वह कुल मिलाकर 28वें स्थान पर रहे। नितिक नथेला (पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक), नीना वेंकटेश और लतिशा मंदाना (महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), दिव्यंका प्रधान और नागा वासुपल्ली (महिलाओं की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक) भी सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। श्रीहरि, अनीश, शिवांक और शोआन की पुरुषों की चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम हीट में सातवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में पहुंचने में असफल रही। तीरंदाजी में एशियाई खेलों की टीम स्वर्ण पदक विजेता परनीत कौर ने भारतीय चुनौती का नेतृत्व किया और महिला कंपाउंड रैंकिंग दौर में 701 अंकों के साथ दक्षिण कोरिया की येरिन पार्क को एक अंक से पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

# एरिगैसी और गुजराती होंगे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में मुख्य आकर्षण

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और अनीश गिरी छह अगस्त से यहां शुरू हो रहे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के मुख्य आकर्षण होंगे। भारत के सबसे प्रतिष्ठित क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में मास्टर्स और चैलेंजर्स श्रेणियों के 20 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की इनामी राशि एक करोड रुपए है। मास्टर्स श्रेणी में एरिगैसी, गुजराती और गिरी के अलावा जॉर्डन वान फॉरेस्ट, लियांग अवॉन्डर, विंसेंट कीमर, रे रॉबसन, व्लादिमीर फेडोसेव और प्रणव वी शामिल होंगे।



### चैलेंजर्स श्रेणी में ये खिलाड़ी होंगे शामिल

चैलेंजर्स श्रेणी में कार्तिकेयन मुरली, लियोन मेंडोंका, वैशाली आर, हरिका द्रोणावल्ली, अभिमन्यु पुराणिक, आर्यन चोपड़ा, अधिबान बस्करन, इनियान पी, दीप्तायन घोष और प्रणेश एम शामिल होंगे। मास्टर्स चैंपियन को 25 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को क्रमशः 15 लाख रुपये और 10 लाख रुपये मिलेंगे। चैलेंजर्स के विजेता को सात लाख रुपये और अगले साल मास्टर्स में जगह मिलेगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/ साइट्स के आवंटन हेतु **ई-नीलामी**, **IREPS** पोर्टल **(https://ireps.gov.in/)** पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है:

| ई- कैटलॉग संख्या E-Catalogue No. | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/ स्थान/ पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking - 31-2025 | दिनांक 06.08.2025 को 11.00 बजे | मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी.आर.एस) कुरुक्षेत्र (प्रथम प्रवेश), दिल्ली (द्वितीय प्रवेश) KG Side (TW parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरुक्षेत्र (Site-2), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद मारकंडा, रोहतक (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर)), शामली (PRS), कुरुक्षेत्र (द्वितीय प्रवेश), सबोली हाल्ट = कुल 14 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1.**इच्छुक बोलीदाताओ को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित कने में सक्षम होगी। **2.**एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.**भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता **4.**आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.**फण्ड का लियन मार्किंग **6.**टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.**जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ ठेकेदारों (ई-निविदा/ ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| **सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी** | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/ पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

**संख्या: No.23AC/393/E-Auction/Pkg/2025** **दिनांक: 21.07.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2216/2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सी.एच.सी. बढ़खालसा/सी.एच.सी जुआं के अंतर्गत पुराने भवन के मलबे को जैसा है, जहां है के आधार पर नीलामी दिनांक 25-07-2025 को निम्नलिखित तालिका अनुसार है। इच्छुक व्यक्ति जो भी बोली देना चाहे मौके पर आकर बोली दे सकता है। बोली देने से पहले इच्छुक बोलीदाता को 5,000/- रूपये की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट द्वारा जोकि सम्बंधित स्वास्थ्य कल्याण समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बढ़खालसा/सी.एच.सी जुआं को देय हो दिनांक 25-07-2025 को 10:00 बजे तक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बढ़खालसा/सी.एच.सी जुआं को जमा करवानी होगी। बाकी विस्तृत शर्तें मौके पर बताई जाएं जाएंगी।

1. Senior Medical Officer, Community Health Centre, Badkhalsa (Sonipat) Ph: SMO Badkhalsa 9818547666
2. Senior Medical Officer, Community Health Centre, Juan (Sonipat) Ph.: SMO Juan 8930408070

| Sr. No. | Date | Time | Health Unit | Village Name | Name of CHC | Concerned SMO |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 25-07-2025 | 10:00 AM | SHC | Kumaspur | Juan | Juan |
| 2. | 25-07-2025 | 10:00 AM | SHC | Nangal Kalan | Badkhalsa | Badkhalsa |
| 3. | 25-07-2025 | 12:00 PM | SHC | Pabsara | Badkhalsa | Badkhalsa |
| 4. | 25-07-2025 | 02:00 PM | SHC | Janti Kalan | Badkhalsa | Badkhalsa |
| 5. | 25-07-2025 | 04:00 PM | SHC | Khatkar | Badkhalsa | Badkhalsa |

हस्ता/-वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बढ़खालसा।




## खबर संक्षेप

### इमरान की पार्टी के सात नेताओं को 10 साल कैद

**लाहौर (भाषा)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के सात प्रमुख नेताओं को नौ मई 2023 को हुई हिंसा से जुड़े मामलों में मंगलवार को 10 साल की कैद की सजा सुनाई गई। 'लाहौर की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने सीनेटर एजाज चौधरी, पंजाब के पूर्व गवर्नर सरफराज चीमा, पूर्व प्रांतीय मंत्री यास्मीन राशिद और महमूदुर राशिद तथा एडवोकेट अजीम पाहत को 10-10 साल की सजा सुनाई।''

### ईरान के राष्ट्रपति 26 को पाकिस्तान की यात्रा करेंगे

**इस्लामाबाद।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन हालिया क्षेत्रीय संघर्षों की पृष्ठभूमि में द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए शनिवार को पाकिस्तान की यात्रा करेंगे। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को अपने ईरानी समकक्ष एस्कंदर मोमेनी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान इस आगामी यात्रा पर चर्चा की।

### विमान हादसाः डॉक्टरों की टीम ढाका भेजेगा भारत

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने कहा कि बांग्लादेश में हुए विमान हादसे में घायलों के इलाज के लिए 'बर्न-स्पेशलिस्ट' डॉक्टरों और नर्सों की टीम ढाका भेज रहा है। डॉक्टरों को आग से झुलसे लोगों का इलाज करने में विशेषज्ञता हासिल होती है।

# पहलगाम हमले के आतंकियों के फरार रहने से सुरक्षा चिंताएं बढ़ीं

## हमले के तीन महीने बीतने के बाद जवाबदेही तय करने की मांग

## 22 अप्रैल को हुई दर्दनाक घटना के सिलसिले में सिर्फ दो गिरफ्तारियां

भाषा ▶▶| पहलगाम (जम्मू कश्मीर)

पहलगाम आतंकी हमले के तीन महीने बाद भी, इसे अंजाम देने वाले आतंकवादियों के फरार रहने के कारण क्षेत्र में सुरक्षा चूक को लेकर चिंता जताई जा रही है और जवाबदेही तय करने की मांग बढ़ रही है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 22 अप्रैल को हुई इस घटना के सिलसिले में अब तक दो गिरफ्तारियां की हैं। माना जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने ही हमलावरों को साजोसामान उपलब्ध कराए थे, जबकि इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी अब भी सुरक्षा एजेंसियों की जद में नहीं आए हैं। अगले महीने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करने जा रहे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना को 'सुरक्षा विफलता' माना है। उनकी इस स्वीकारोक्ति की मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सराहना की, लेकिन जवाबदेही की भी मांग की है। अब्दुल्ला ने हाल में कहा कि मैं उपराज्यपाल के बयान की सराहना करता हूं, लेकिन विफलता स्वीकार करने के बाद कार्रवाई भी होनी चाहिए।' मुख्यमंत्री ने कहा था, 'जब इतनी गंभीर चूक के कारण कीमती जानें चली जाएं , तो इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। कश्मीर के लोगों को यह जानने का हक है कि क्या गलत हुआ और इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा।'' पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। अधिकारियों का कहना है कि खुफिया एजेंसियों को आतंकी हमले होने की संभावना के बारे में सतर्क किया गया था, लेकिन इन सूचनाओं का उपयोग हमले वाले स्थान से लगभग 90 किमी दूर किसी अन्य स्थान पर किया गया, जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा में चूक हुई।



- कथित तौर पर खालिद ने रची थी साजिश
- आतंकवादी हाफिज सईद का निजी सहायक
- हमलावरों का पता कराची-मुजफ्फराबाद का
- हमलावर लश्कर-ए-तैयबा नेटवर्क से जुड़े

### एनआईए कर रही जांच

एनआईए को जांच का जिम्मा सौंपा गया है और अब तक उसने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिन पर हमलावरों को पनाह देने और भोजन की व्यवस्था करने का संदेह है। एजेंसी ने 22 जून को दो लोगों पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने कहा था कि आरोपी वर्तमान में हिरासत में हैं।

### किश्तवाड़ में दो अपराधी पीएसए के तहत हिरासत में लिए

**किश्तवाड़/जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में प्रशासन ने कई आपराधिक मामलों में शामिल दो लोगों को कड़े जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मंगलवार को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान गुरियां निवासी मोहम्मद रिजवान व हिमाचल निवासी राहुल सिंह चिब के रूप में हुई है। किश्तवाड़ के जिला मजिस्ट्रेट दो व्यक्तियों पर पीएसए के तहत हिरासत में लेने के आदेश जारी किए हैं।

### हमले में शामिल तीन हथियारबंद आतंकियों की पहचान हुई थी

अधिकारियों का कहना है कि हमले में शामिल तीन हथियारबंद आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे, जो प्रतिबंधित 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) से जुड़े हुए हैं। यह संगठन पाकिस्तान से संचालित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से संबद्ध है। एनआईए की जांच के अनुसार, परवेज और बशीर ने हमले से पहले जानबूझकर तीन हथियारबंद आतंकवादियों को हिल पार्क स्थित एक ढोक (झोपड़ी) में पनाह दी थी। एजेंसी ने कहा कि दोनों लोगों ने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और साजो-सामान उपलब्ध कराया था, जिन्होंने घटना वाले दिन धार्मिक पहचान के आधार पर पर्यटकों की जान ली थी। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला द्वारा शीर्ष अधिकारियों को जवाबदेह ठहराने की मांग, सुरक्षा विफलता की जिम्मेदारी तय करने के लिए लोगों के बढ़ते दबाव को दर्शाता है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी, जो ''फाल्कन स्क्वाड'' के नाम से जानी जाने वाली टीआरएफ इकाई के सदस्य हैं, सैन्य वर्दी में पहलगाम क्षेत्र में घुसे थे तथा उनके पास सेना जैसे हथियार और कैमरा-युक्त हेलमेट सहित अन्य संचार उपकरण थे। हमले की साजिश कथित तौर पर सैफुल्लाह कसूरी उर्फ खालिद ने बनाई थी, जो लश्कर का शीर्ष कमांडर आतंकवादी हाफिज सईद का निजी सहायक है।

मोदी की ब्रिटेन-मालदीव यात्रा पर विदेश सचिव बोले

# ऊर्जा संबंधी मुद्दों पर 'दोहरे मानदंड' नहीं अपनाने चाहिए

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत अपने लोगों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और व्यापक वैश्विक ऊर्जा बाजार पर ''स्पष्ट दृष्टिकोण'' रखना महत्वपूर्ण है। मिसरी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ दिन पहले यूरोपीय संघ ने रूसी ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाते हुए नए दंडात्मक उपायों की घोषणा की थी जिसमें गुजरात में वाडिनार रिफाइनरी पर प्रतिबंध भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संबंधी मुद्दों पर 'दोहरे मानदंड' नहीं अपनाना महत्वपूर्ण है। मिसरी ने यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर आयोजित एक प्रेसवार्ता में एक सवाल के जवाब में की। उन्होंने कहा कि जहां तक ऊर्जा सुरक्षा का सवाल है, हम इस बारे में बिल्कुल स्पष्ट हैं। मोदी और ब्रिटेन के उनके समकक्ष स्टार्मर के बीच गुरुवार को होने वाली वार्ता में भारत के समक्ष सीमा पार आतंकवाद की चुनौती, ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियां और कुछ अरबपति भगोड़ों का प्रत्यर्पण जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठ सकते हैं। पहले चरण में मोदी बुधवार को लंदन जाएगे।





### आज से 26 तक पीएम रहेंगे विदेश दौरे पर

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी बुधवार से 26 जुलाई तक विदेश दौरे पर रहेंगे। सबसे पहले पीएम मोदी 23 जुलाई को ब्रिटेन का दौरा करेंगे तो वहीं 25 जुलाई को मालदीव का दौरा करेंगे। इस दौरान अहम समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। वहीं पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा से पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई सवालों के जवाब दिए। विक्रम मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए आधिकारिक दौरे पर जा रहे हैं।

**बुधवार को ब्रिटेन और शुक्रवार को मालदीव पहुंचेंगे पीएम**

### यूरोपीय संघ के नए उपायों पर दिया कड़ा जवाब

यूरोपीय संघ द्वारा नए उपायों की घोषणा के कुछ ही घंटे बाद, भारत ने कहा कि 'दोहरे मापदंड' नहीं होने चाहिए, खासकर जब ऊर्जा व्यापार की बात हो। विदेश सचिव ने कहा कि यह स्पष्ट होना आवश्यक है कि ऊर्जा उत्पादों के प्रदाता कहां स्थित हैं, वे कहां से आने वाले हैं और किसे किस समय ऊर्जा की आवश्यकता है। मिसरी ने कहा कि भारत समझता है कि यूरोप एक बड़े सुरक्षा मुद्दे का सामना कर रहा है और बाकी दुनिया भी ऐसे मुद्दों से जूझ रही है।

**37 दिन के बाद ब्रिटिश फाइटर जेट ने उड़ान भरी**



### हाइड्रोलिक फेल होने के बाद तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर खड़ा था, ब्रिटेन से आए थे इंजीनियर

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बीते 37 दिनों से खड़ा एफ-35-बी स्टेल्थ लड़ाकू विमान मरम्मत और जरूरी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद आखिरकार मंगलवार सुबह ब्रिटेन रवाना हो गया है। पूर्व में अरब सागर में एक युद्धाभ्यास के दौरान भरी गई उड़ान के बीच आई तकनीकी खामी की वजह से 14 जून से यह विमान केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा था। भारत में ब्रिटेन के उच्चायोग के प्रवक्ता ने एक बयान में यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि ब्रिटेन की नौसेना के एफ-35-बी लड़ाकू विमान ने तिरुवनंतपुरम से ऑस्ट्रेलिया के डार्विन के लिए उड़ान भरी।

#### भारत का जताया आभार

उच्चायोग के बयान के मुताबिक, विमान की मरम्मत और संबंधित जांच की प्रक्रिया के दौरान किए गए सहयोग के लिए ब्रिटेन ने भारत के प्राधिकारियों के सहयोग के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही भारत के साथ लगातार अपनी रक्षा भागीदारी को मजबूत बनाने पर जोर दिया है।

#### लैंडिंग चार्ज, किराए भी दिया

सूत्रों ने कहा कि ब्रिटेन ने विमान के लैंडिंग चार्ज, प्रतिदिन का किराया और पार्किंग फीस के रूप में करीब 5 से 6 लाख का भुगतान किया गया है। लेकिन यह भुगतान एयर इंडिया को किया गया है। उसके बारे में कोई पुख्ता सूचना नहीं है। एफ-35-बी दुनिया का एक बेहद आधुनिक लड़ाकू विमान है। जिसकी अनुमानित कीमत 110 मिलियन डॉलर है।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा

## ब्रिटेन में पीओके के फर्जी दस्तावेजों से वीजा हासिल

*नई दिल्ली(एजेंसी)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) क्षेत्र के प्रवासी ब्रिटेन में वीजा हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ब्रिटेन की मीडिया जांच में यह दावा किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये लोग ब्रिटेन में प्रवेश करके देश में शरण के लिए आवेदन कर रहे हैं। एक गुप्त जांच से पता चला कि यह प्रवासी गलत जानकारी से भरे वीजा आवेदनों के लिए 50,000 पाउंड तक का भुगतान कर रहे हैं। एक आवेदन जो ब्रिटेन के होम ऑफिस को भेजा गया था और अखबार ने हासिल किया। उसमें पीओके के एक फर्जी अस्पताल की जॉब रेफरेंस शामिल थी। अखबार की गुप्त जांच के हिस्से के रूप में, एक व्यक्ति ने आवेदक बनकर फर्जी बायोडाटा और नौकरी के अनुभव का एक पत्र तैयार कराया, जिसे यूके वर्क वीजा आवेदन में शामिल किया गया और वह आवेदन आखिरकार मंजूर हो गया।*




अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के 6 महीने पूरे

## 24 घंटे में यूक्रेन-गाजा जंग खत्म कराने का वादा पूरा नहीं

**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति बने ट्रम्प ने रविवार को अपने कार्यकाल के 6 महीने पूरे कर लिए। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि वे गाजा और यूक्रेन युद्ध को '24 घंटे में खत्म' करा देंगे। लेकिन अब तक न तो रूस-यूक्रेन युद्ध थमा है और न ही गाजा पट्टी में इजराइल-हमास संघर्ष। यूक्रेन में अब भी लड़ाई जारी है, जबकि गाजा में अभी तक 58 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहले छह महीनों में ट्रम्प का मुख्य फोकस वैश्विक व्यापार नीति पर रहा। उन्होंने चीन पर 60 प्रतिशत टैरिफ, वियतनाम पर 25प्रतिशत, और यूरोपीय कारों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया।



### मस्क को गोल्डन डोम प्रोजेक्ट से हटा सकते हैं ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को गोल्डन डोम प्रोजेक्ट से हटा सकते हैं। यह एक मिसाइल डिफेंस सिस्टम है, जिसका मकसद अमेरिका को विदेशी हवाई हमलों से बचाना है। 175 अरब डॉलर के इस अहम प्रोजेक्ट के लिए ट्रम्प प्रशासन ने नए विकल्पों को तलाशना शुरू कर दिया है।

### अमेरिका 'यूनेस्को' से फिर अलग होगा, दो साल पहले ही दोबारा शामिल हुआ था

**पेरिस (एजेंसी)।** अमेरिका ने मंगलवार को घोषणा की कि वह संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) से फिर से बाहर निकल जाएगा क्योंकि वाशिंगटन इसे इजराइल विरोधी पूर्वाग्रह से ग्रस्त मानता है। यह कदम केवल दो साल पहले ही अमेरिका के यूनेस्को में फिर से शामिल होने के बाद उठाया गया है। यह तीसरी बार होगा जब अमेरिका पेरिस आधारित यूनेस्को से बाहर निकल जाएगा। ट्रंप प्रशासन के दौरान यह दूसरी बार इस संगठन से अलग होगा। व्हाइट हाउस की उप प्रवक्ता एना केली ने न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका को यूनेस्को से बाहर करने का फैसला किया है जो विभाजनकारी सांस्कृतिक और सामाजिक मुद्दों का समर्थन करता है और उन व्यावहारिक नीतियों से पूरी तरह अलग है जिनके लिए अमेरिकियों ने नवंबर में वोट दिया था।

## वायुसेना में 62 साल की सेवा के बाद सितंबर में होगी मिग-21 की विदाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

तारीख और दिन तय हो चुका है...जब भारतीय वायुसेना अपने पुराने और ऐतिहासिक मिग-21 लड़ाकू विमान की तीसरी 'नंबर 23 स्क्वाड्रन (पैंथर्स)' को अंतिम विदाई देगी। इस बाबत 19 सितंबर 2025 को राजधानी दिल्ली से सटे बल के चंडीगढ़ एयरबेस पर एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। रक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी है। वायुसेना ने मौजूदा साल के अंत तक उसके जंगी बेड़े में शामिल मिग-21 विमानों की चार स्क्वाड्रन (कुल करीब 72 लड़ाकू विमान शामिल) को सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया था। पूर्व में इसकी दो स्क्वाड्रन (नंबर-4 उरियल्स और नंबर 51 स्वार्ड ऑर्म्स) वायुसेना की सेवा से बाहर की जा चुकी हैं। 23 स्क्वाड्रन वर्तमान में सूरतगढ़ में तैनात है। मिग-21 की अन्य स्क्वाड्रन नंबर 3 कोब्रास राजस्थान के नाल एयरबेस पर तैनात है। मिग-21 की चारों स्क्वाड्रन के सेवा से बाहर होने से सेना के पास लड़ाकू विमानों की कुल स्क्वाड्रन की संख्या 29 रह जाएगी।

**19 सितंबर 2025 को चंडीगढ़ एयरबेस पर होगा विशेष समारोह**

### देश का पहला सुपरसोनिक जेट



भारत ने मिग-21 लड़ाकू विमान को चीन के साथ 1962 में हुई लड़ाई के ठीक अगले साल 1963 में तत्कालीन सोवियत संघ (वर्तमान में रूस) से खरीदकर वायुसेना में शामिल किया था। जिसके बाद करीब छह दशक से लंबे अपने सेवाकाल में यह लड़ाकू विमान 1965, 1971 और 1999 के युद्ध और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक और 2025 की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में प्रमुखता से शामिल रहा है। साथ ही ये वायुसेना का एकलौता लड़ाकू विमान है, जिसने 62 वर्षों तक सेवा दी है। जो विमानन क्षेत्र का एक अविश्वसनीय रिकॉर्ड बन गया है। बालाकोट एयर स्ट्राइक में तत्कालीन विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान ने इसी मिग-21 विमान से पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया था।

मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामलाः शीर्ष अदालत में कल होगी सुनवाई

## 12 आरोपियों की रिहाई को केंद्र और महाराष्ट्र सरकार ने सुको में दी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

2006 के मुंबई लोकल ट्रेन सीरियल ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा 12 आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार और महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) ने मंगलवार को शीर्ष अदालत से इस मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए गुरुवार को सुनवाई तय की है। हाईकोर्ट के फैसले में कहा गया था कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत पेश करने में असफल रहा, इसलिए उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया।

### बरी व्यक्ति ने एसआईटी से दोबारा जांच कराने की मांग की

**मुंबई (भाषा)।** मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में विशेष अदालत द्वारा 2015 में बरी किए गए एकमात्र व्यक्ति अब्दुल वाहिद शेख ने मंगलवार को मामले की फिर से जांच के लिए उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग की। मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के आदेश के एक दिन बाद शेख ने यह मांग की है।

### महाराष्ट्र की विभिन्न जेलों से बरी होने के बाद नौ लोग रिहा

**मुंबई (भाषा)।** मुंबई में जुलाई 2006 में लोकल ट्रेन में हुए बम विस्फोट मामले में उच्च न्यायालय द्वारा बरी किए गए 11 लोगों में से नौ लोगों को महाराष्ट्र की विभिन्न जेलों से रिहा कर दिया गया है, जबकि दो लोगों के खिलाफ अन्य मामले भी लंबित हैं, जिसकी वजह से वे अब भी सलाखों के पीछे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिहा होने के बाद सभी रिश्तेदारों और दोस्तों ने उनका स्वागत किया। बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था।

सुको बोला-खुद कमाकर खाइए, पढ़ी-लिखी हैं, 18 माह की शादी तोड़ी

## महिला ने एलिमनी में 12 करोड़ रुपये और बीएमडब्ल्यू कार मांगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के एक मामले में कहा कि अगर महिला काफी पढ़ी-लिखी है, तो उसे एलिमनी मांगने की बजाय खुद कमाकर खाना चाहिए। महिला ने मुंबई में एक फ्लैट, 12 करोड़ रुपये का भरण-पोषण और एक महंगी बीएमडब्ल्यू कार की मांग की थी।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई ) बी आर गवई की बेंच ने कहा कि आपकी शादी सिर्फ 18 महीने चली और आप हर महीने 1 करोड़ मांग रही हैं। आप इतनी पढ़ी-लिखी हैं, फिर नौकरी क्यों नहीं करतीं? एक उच्च शिक्षित महिला बेकार नहीं बैठ सकती। आपको अपने लिए कुछ मांगना नहीं चाहिए बल्कि खुद कमाकर खाना चाहिए। महिला से कहा कि आप एक फ्लैट से संतुष्ट हो जाइए या 4 करोड़ रुपये लेकर एक अच्छी नौकरी ढूंढिए। कोर्ट ने फ्लैट या 4 करोड़ लेकर समझौते का प्रस्ताव रखने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले को रद्द करने का भी आदेश दिया।



### महिला बोली- पति बहुत अमीर

पत्नी ने अपना पक्ष रखते हुए मुंबई के कल्पतरु कॉम्प्लेक्स में एक फ्लैट की मांग की थी। महिला ने कोर्ट को बताया कि उसका पति सिटी बैंक में मैनेजर के रूप में काम करता है और उसका दो बिजनेस भी है। महिला ने कहा, 'मेरा पति बहुत अमीर है। महिला ने आरोप लगाया, 'मेरे पति ने यह दावा करते हुए तलाक की मांग की कि मैं सिजोफ्रेनिया (मानसिक बीमारी) से पीड़ित हूं। क्या मैं सिजोफ्रेनिया से पीड़ित दिखती हूं, माय लॉर्ड?' महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे उसकी पिछली नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया। महिला ने कहा कि मैं बच्चा चाहती थी, लेकिन उसने बच्चा नहीं दिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25